News सिटी चीफ

वर्ष-14, अंक-276
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

*ढूंढोगे अगर तो ही रास्ते मिलेंगे, मंजिलों की फितरत है खुद चलकर नहीं आती।*

# सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, मंगलवार 09 जनवरी 2024



पेज-04

# प्लॉट में रखा क्लोरीन सिलेंडर हुआ लीक



## लोगों को सांस लेने में आ रही दिक्कत

देहरादून, उत्तराखंड। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से बड़ी खबर सामने आई है। बता दें, देहरादून के प्रेम नगर थाना क्षेत्र के झांजरा इलाके में खाली प्लॉट में रखे क्लोरीन सिलेंडर में लीकेज के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने का मामला सामने आया है। सिलेंडर खाली प्लॉट में रखा हुआ था। लीकेज होने पर गैस हवा में घुली और लोगों का सांस लेना दुश्वार कर दिया। वहीं, लोगों से इलाका खाली करने को कहा गया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और फायर टीम मौके पर पहुंची और जांच कर रही है। सुरक्षित निपटान हेतु कार्यवाही करना। वहीं, देहरादून पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि, घटनाक्रम देहरादून के प्रेमनगर थाना के झांजरा इलाके का है। यहां एक खाली प्लॉट में क्लोरीन गैस के सिलेंडर रखे थे। माना जा रहा है कि इनमें रिसाव हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, झाझरा में एक खाली प्लॉट पर सालों से क्लोरीन के 5 सिलेंडर पड़े हुए थे, जिसमें लीकेज की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर स्स्क्र अजय सिंह सहित स्थानीय पुलिस, फायरकर्मी और **SDRF** की टीम पहुंची।

### गरीब बंदीयों को केंद्र सरकार का तोहफा

# निर्धन कैदियों का भरेगी अर्थदंड

**भोपाल।** केंद्र सरकार ऐसे निर्धन कैदियों का अर्थदंड और जमानत राशि का व्यय वहन करेगी जो, इसे नहीं दे पाने के कारण जेल में हैं। इसे लेकर मध्य प्रदेश सरकार ने प्रमुख सचिव (जेल) की अध्यक्षता में चार सदस्यीय राज्य स्तरीय निगरानी समिति गठित की है।यह समिति गरीब विचाराधीन कैदियों की जमानत राशि और दोष सिद्ध कैदियों की जुर्माना राशि आदि भुगतान के संबंध में जिला स्तरीय साधिकार समिति से प्राप्त अनुशंसाओं पर निर्णय लेगी। इसी तरह जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति बनाई गई हैं। राज्य सरकार प्रदेश के निर्धन कैदियों का डाटा केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी भेजेगी। मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में निर्देश दिए हैं। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को निर्धन कैदियों को सहायता दिए जाने की योजना के क्रियान्वयन संबंधी जानकारी दी है मंत्रालय ने ऐसे कैदियों की संख्या भी मांगी है। बता दें, अभी तक मध्य प्रदेश की जेलों में निर्धनता के कारण अर्थदंड न भरने वाले कैदियों के लिए जेल मुख्यालय गैर सरकारी संगठन, निजी संस्थाओं एवं व्यक्तियों के माध्यम से राशि लेकर इनको रिहा कराने की पहल करता रहा है।



निर्धन कैदियों की जमानत के लिए 40 हजार रुपये की राशि कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति स्वीकृत कर सकेगी। वहीं अर्थदंड भरने के लिए 25 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की जाएगी। इससे अधिक की राशि होने पर प्रकरण राज्य स्तरीय समिति को भेजा जाएगा। अधिकतम राशि की वर्तमान में कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है। हालांकि, इस व्यवस्था में एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रापिक सब्स्टांसेस) एक्ट, पाक्सो (प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रन फार सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट), पीएमएलए (प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग) और यूएपीए एक्ट (गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम) के निर्धन कैदियों को केवल जमानत के लिए आर्थिक मदद की जाएगी उनका अर्थदंड नहीं भरा जाएगा।

### तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम की राज्य भर में अनिश्चितकालीन हड़ताल



**कांचीपुरम।** तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम ने पूरे राज्य में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर दी है। TNSTC अपनी तीन सूत्रीय मांग को लेकर मंगलवार से हड़ताल कर रही है। हालांकि, राज्य में विभिन्न परिवहन कर्मचारी संघों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन सहित कई बसों के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है। जानकारी के अनुसार, तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम ने राज्य भर में अनिश्चितकालीन हड़ताल की है। तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम ने वेतन बढ़ाने के लिए 15वें वेतन संशोधन समझौते पर हस्ताक्षर करने, बस चालक और कंडक्टर पदों में रिक्तियों को भरने और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते जारी करने की मांग को लेकर राज्य भर में अनिश्चितकालीन हड़ताल की है। राज्य के परिवहन मंत्री एस एस शिवशंकर ने कहा कि परिवहन कर्मचारियों की हड़ताल राजनीतिक मकसद है और इससे जनता को परेशानी होगी। हड़ताल पर उचित कार्रवाई की चेतावनी देते हुए मंत्री ने कहा था कि वित्तीय स्थिति में सुधार होने पर उनकी मांगें उचित समय पर पूरी की जाएंगी। इस बीच, अन्नाद्रमुक प्रमुख और विपक्ष के नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी ने कर्मचारी संघ द्वारा रखी गई किसी भी मांग को पूरा करने के लिए द्रमुक सरकार की आलोचना की।

### शिवराज सिंह चौहान का फिर छलका दर्द, कहा-

# 'मुख्यमंत्री पद से हटे तो होर्डिंग से फोटो भी गायब'

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इन दिनों अपने बयानों से खासे चर्चाओं में बने हुए हैं. मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में बीजेपी की बंपर जीत के बावजूद उन्हें आलाकमान ने मुख्यमंत्री नहीं बनाया है. मुख्यमंत्री की कुर्सी जाने के बाद एक बार फिर शिवराज सिंह चौहान का दर्द छलक पड़ा है. उनके बयान से ये जाहिर भी हो गया.

***भोपाल ।*** *पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कुर्सी है तो चरण कमल, हटे तो होर्डिंग से फोटो भी गायब. पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राजधानी भोपाल स्थित ब्रह्मकुमारीज सुख शांति भवन के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे. इस दौरान सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जीवन में जब हम दूसरों के लिए काम करते हैं, तो जिंदगी आनंद से भर जाती है. अब मुझे राजनीति से हटकर काम करने का मौका भी मिल रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसे नेता हैं, जो देश के लिए जीते हैं.* ***मुझे खुशी है कि 10 तारीख को लाड़ली बहनों के खाते में फिर पैसा आ रहा है।***



### कुर्सी जाने पर छलका शिवराज सिंह का दर्द

इस मौके पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यहां कई लोग ऐसे भी हैं जो रंग देखते हैं. मुख्यमंत्री है तो भाई साहब, आपके चरण तो कमल के समान हैं, कर कमल हो जाते हैं. पद से हटे तो होर्डिंग के फोटो ऐसे गायब होते हैं, जैसे गधे के सिर से सींग. राजनीति को पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये मजेदार क्षेत्र है.

मामा के नाम से मशहूर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का एक और बयान तेजी से वायरल हो रहा है. इस बयान शिवराज सिंह बैंड, ढोल, ताशे वालों को आश्वासन देते हुए नजर आ रहे हैं, जहां उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है कि बजाओ कोई रोकेगा तो मैं देख लूंगा. दरअसल पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान बुधनी विधानसभा के दौरे पर थे. इस दौरान बैंड-ढोल-ताशे वालों ने पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपकर गुहार लगाई थी. जिस पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आप ढोल बजाएं, ताशे बजाएं, कोई रोक नहीं है, कोई रोकेगा तो मैं देख लूंगा.

### शाजापुर में धारा 144 लागू, 24 आरोपियों पर केस, कलश यात्रा पर पथराव के बाद तनाव का माहौल

भोपाल। मध्यप्रदेश के शाजापुर शहर के तीन इलाकों (मगरिया, काछीवाड़ा और लालपुरा) में कुछ लोगों द्वारा अक्षय कलश यात्रा में शामिल लोगों पर पथराव के बाद तनावमगरिया का मौहोल है। विवाद के बाद जिला प्रशासन ने CRPC की धारा 144 लागू कर दी है। इस मामले में 24 आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार सोमवार शाम मगरिया इलाके में हुई इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया, उन्होंने बताया कि इलाके में पर्याप्त सुरक्षा तैनात की गई है और इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# देश के हर गांव से विदेशों तक लाइव होगा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**अयोध्या-** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में होने जा रहे रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां पूरे देश में तेजी से चल रही हैं. पूरा देश 22 जनवरी को होने जा रही प्राण-प्रतिष्ठा के लिए काफी उत्साहित और खुश है. केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि देश के हर बड़े गांव में प्राण प्रतिष्ठा का समारोह लाइव देखा जाएगा. प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले बीजेपी ने इसके लिए इंतेजाम भी शुरू कर दिए हैं. राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले, देश भर में कोई भी गांव नहीं बचेगा जहां प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव नहीं देखा जाएगा. केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने 22 जनवरी को होने जा रहे आयोजन को भारत की





आजादी के बाद से हिंदुओं के लिए सबसे भव्य आयोजन बताया है. किशन रेड्डी ने बयान जारी करते हुए बताया कि न केवल हिंदू बल्कि दुनिया भर में रहने वाले लोग राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार कर रहे हैं और इस दिन के लिए काफी उत्साहित भी हैं. अमेरिका के न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर पर 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण किया जाएगा. जिससे सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर के लोग इस समारोह को लाइव देख पांएगे. देश के कोने कोने में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा लाइव दिखाने के लिए क्क्छ्क ने योजना बनाई है. बीजेपी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर लाइव प्रसारण के लिए बड़ी स्क्रीन लगाने का आदेश दिया गया है. जेपी नड्डा ने 22 जनवरी यानी राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों में राम ज्योति दीपक जलाने की अपील की है.

### धमतरी में दर्दनाक सड़क हादसा

# स्कूल बस और ट्रक की टक्कर, ड्राइवर समेत बड़ी संख्या में बच्चे हुए घायल

**धमतरी, छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से बड़ी खबर सामने आई है। बता दें, धमतरी जिले के नगरी-सिहावा रोड में सड़क दुर्घटना हुआ है। यहां स्कूल बस और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। हादसे में स्कूल बस में सवार बच्चों में से आधा दर्जन बच्चे और ड्राइवर घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। आज सुबह करीब 8 बजे नगरी-सिहावा रोड पर नगरी की ओर से विद्याकुंज स्कूल के स्कूली बच्चों को बस लेकर जा रही थी। वहीं, दूसरी ओर से तेज रफ्तार ट्रक ओवरटेक करते हुए आई। इस दौरान दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। इस हादसे में आधा दर्जन बच्चे और बस के ड्राइवर घायल हो गए हैं। हादसे में घायल हुए सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों की मदद की और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। जिला अस्पताल में सभी घायलों का इलाज जारी है, सभी की स्थिति सामान्य है। फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।




### 22 को तो नहीं लेकिन अयोध्या जाऊंगा जरूर

# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बोले: राम मंदिर पर सभी का अधिकार भाजपा के पास पट्टा नहीं



*भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ छिंदवाड़ा में कहा कि राम मंदिर सभी का है। सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के बाद इसके बनने की शुरुआत हुई। तब भाजपा सरकार थी, तो उनकी ही जिम्मेदारी इसे बनाने की थी। राम मंदिर का पट्टा भाजपा के पास नहीं है, वो पूरे देश का है। राम मंदिर पर सभी का अधिकार है। अयोध्या जाने के सवाल पर कमलनाथ ने कहा कि 22 जनवरी को तो नहीं लेकिन जाऊंगा जरूर। विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार कमलनाथ छिंदवाड़ा पहुंचे। उनके पुत्र सांसद नकुलनाथ छिंदवाड़ा में ही मौजूद हैं। विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद कमलनाथ पहली बार कार्यकर्ता और पदाधिकारी से मुखातिब होंगे।*

## छिंदवाड़ा में मनाया जाएगा उत्सव

बता दें कि कांग्रेस अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर निर्माण की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर छिंदवाड़ा में राम उत्सव मना रही है। यहां राम नाम पत्र का वितरण किया जा रहा है। पूर्व सीएम कमलनाथ छिंदवाड़ा में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाएंगे। पिछले चुनाव में मिली जीत और विभिन्न विधानसभाओं की परफॉर्मेंस को लेकर भी पदाधिकारी से चर्चा की जाएगी।

### कमलनाथ जी आराम करें, अच्छे से करें, हमारी शुभकामनाएं हैं



कमलनाथ के मध्य प्रदेश में रहने के बयान पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कौन मना कर रहा है उनको। हमने तो कभी नहीं कहा। भोपाल के अंदर आराम करें, भोपाल का मौसम तो बहुत अच्छा है। भोपाल के अंदर तो देशभर के लोग आकर रहना चाहते हैं। भोपाल रहने के लिए बहुत अच्छा स्थान है। कमलनाथ जी आराम करें, अच्छे से करें। हमारी शुभकामनाएं हैं उनको।

कमलनाथ जी भोपाल के अंदर आराम करे , यहाँ का मौसम बहुत अच्छा है....- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री वीडी शर्मा

## सिंगल कॉलम

### इंदौर ने पकड़ी सीधी राह, कहीं मिली राहत तो कहीं गफलत में उलझे वाहन

*इंदौर। राजवाड़ा क्षेत्र में लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए सोमवार को जवाहर मार्ग और एमजी रोड को वन-वे करने का प्रयोग किया गया। जवाहर मार्ग पर संजय सेतु से राजमोहल्ला की तरफ यातायात चलाया गया, वहीं राज मोहल्ला से बड़ा गणपति होकर एमजी रोड को वन-वे करते हुए कृष्णपुरा छत्री तक यातायात निकाला गया। इस प्रयोग को सफल बनाने के लिए यातायातकर्मी सुबह से ही जुट गए थे। सुबह के कुछ घंटे स्थिति कंट्रोल में रही। जैसे दोपहर हुई, स्थिति बिगड़ने लगी। जवाहर मार्ग पर लोग विपरीत दिशा में चले।दरअसल, जवाहर मार्ग और एमजी रोड पर 45 से ज्यादा गलियां मिलती हैं। सबसे ज्यादा समस्या इन्हीं क्रासिंग पर हुईं। लोग गली से निकलकर जवाहर मार्ग पर आकर पहले की तरह संजय सेतु की तरफ जाने लगे, फिर चौक पर खड़ी यातायात पुलिस ने उन्हें टोका, कुछ को समझ आया, कुछ को नहीं। इतने में वाहनों की कतारें लगने लगीं। इससे पूरे दिन गलियों का यातायात मुख्य सड़क पर आकर फंसता रहा। आज के प्रयोग में करीब 120 यातायात कर्मी लगाए गए थे। शाम होते-होते लोग जवाहर मार्ग पर गलियों से मौका पाकर गलत दिशा में आकर संजय सेतु आने लगे। शाम को राजवाड़ा चौक से कृष्णपुरा छत्री पुल तक जाम लग गया। इसके लिए जवाहर मार्ग से कृष्णपुरा छत्री की ओर आने वाले यातायात को सावरकर मार्केट की तरफ मोड़ा गया। पहला दिन होने से जानकारी के अभाव में अफरा-तफरी की स्थिति रही। अंतिम चौराहे से लोहारपट्टी वाली सड़क पर भी यातायात का दबाव बढ़ा। रोज 150 यातायातकर्मी अलर्ट मोड में चाहिए संजय सेतु से राजमोहल्ला तक और बड़ा गणपति से कृष्णपुरा छत्री तक सोमवार को करीब 120 यातायातकर्मी लगाए गए थे। इन मार्गों पर जुड़ने वाली हर गली पर दो पुलिस कर्मियों की तैनाती हुई थी। कुछ चौक छूट गए थे, जिसका फायदा उठाते हुए लोग विपरीत दिशा में चले। अगर रोज वन-वे को व्यवस्थित तरीके से चलाना है, तो दोनों मार्गों पर मिलने वाली गलियों पर करीब 150 पुलिसकर्मियों की तैनाती करनी होगी। वह भी पूरे अलर्ट की स्थिति में। अगर थोड़ी-सी लापरवाही की तो लोग फिर विपरीत दिशा में आकर यातायात फंसा देंगे। हटाया जाएगा एमजी रोड थानाडीसीपी मनीष अग्रवाल ने बताया कि मृगनयनी चौराहा स्थित एमजी रोड थाने को हटाने के लिए पत्राचार किया गया है। नगर निगम से आने वाले यातायात को मृगनयनी चौराहे पर फ्री लेफ्ट टर्न नहीं मिल पाता है। इससे यहां व्यस्ततम समय में जाम लगता है। इस सड़क पर रेहड़ी वालों को हटाया जाएगा। तीन रूटों की सिटी बसों पर पड़ेगा असर जवाहर मार्ग के वन-वे होने से संचालित होने वाली तीन रूट की सिटी बसें राजमोहल्ला होते हुए बड़ा गणपति, खजूरी बाजार से राजवाड़ा आएंगी। 16, एम-22, सी-3 बसों का मार्ग प्रभावित होगा।*

### ब्लाक के कारण 10 दिन निरस्त रहेगी इंदौर बिलासपुर एक्सप्रेस

*इंदौर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अनूपपुर स्टेशन पर रेलवे द्वारा ब्लाक लिया गया है। इससे पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल से आरंभ होने एवं गुजरने वाली कुछ ट्रेनों को रेलवे ने निरस्त कर दिया है। इंदौर से चलने वाली बिलासपुर एक्सप्रेस 10 दिन तक नहीं चलेगी। इसके अलावा अन्य कई ट्रेनों को भी रद किया गया है।ये ट्रेनें रहेंगी निरस्त - 16 जनवरी तक बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर इंदौर एक्सप्रेस। - 9 से 17 जनवरी तक इंदौर से शुरू होने वाली गाड़ी संख्या 18233 इंदौर-बिलासपुर एक्सप्रेस। - 13 जनवरी को उदयपुर सिटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर सिटी-शालिमार एक्सप्रेस। - 14 जनवरी को शालिमार से चलने वाली गाड़ी संख्या 20972 शालिमार-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 13 जनवरी को शालिमार से चलने वाली गाड़ी संख्या 22830 शालिमार-भुज एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 16 जनवरी को भुज से चलने वाली गाड़ी संख्या 22829 भुज-शालिमार एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।*

### इंदौर में देर रात ढाबों पर दबिश, बनाए 68 प्रकरण

*इंदौर। शहर के अंदर और बायपास पर संचालित होने वाले ढाबों पर दबिश देने देर रात आबकारी विभाग की टीम पहुंची। इस दौरान बिना अनुमति के अवैध रूप से परोसी जा रही शराब के प्रकरण बनाए। विभाग ने 37 स्थानों पर दबिश देकर 68 प्रकरण बनाए। 60 हजार से अधिक मूल्य की अवैध 92 लीटर देशी और विदेशी शराब जब्त की।रविवार रात आबकारी विभाग ने जिले में होटल और ढाबों पर अवैध रूप से शराब पिलाने और पीने वालों पर कार्रवाई की। सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि जसपाल ढाबा स्टार चौराहा, कवेलू होटल बेस्ट प्राइस के पास, सरदार किचन कोकिला बेन हास्पिटल के पास, गिल पंजाबी ढाबा, भुक्कड़ ढाबा, एमएस ढाबा, मां भवानी ढाबा, एसके 11 ढाबा, एसएस फैमिली ढाबा, देशी तड़का ढाबा (सभी बायपास), जम्मू-कश्मीर ढाबा, भिंड-मुरैना ढाबा मांगलिया, चिकन माफिया, आशियाना आशीर्वाद ढाबा सांवेर रोड, पंजाबी नेशन ढाबा टीपी नगर, वीरजी द स्वेग खातीवाला टैंक, कबाबीलाल होटल भंवरकुआं, राजपूत ढाबा, मदरम ढाबा, भगवती ढाबा, कालका ढाबा और महाकाल ढाबा महू पर कार्रवाई की गई।*

# बोगस कंपनियों के आरोप में आयकर विभाग ने मांगा 133 करोड़ टैक्स, ट्रिब्यूनल ने किया खारिज

**सिटी चीफ इंदौर।**
आयकर अपीलेट ट्रिब्यूनल (आइटीएटी) इंदौर ने आयकर विभाग द्वारा निकाली गई 133 करोड़ के टैक्स की मांग को खारिज कर दिया है। इंदौर की एक कंपनी जयगंगा एक्जिम के मामले में ट्रिब्यूनल ने यह आदेश दिया है। कोलकाता की बोगस कंपनियों से फर्जी शेयर कैपिटल लेने के आरोपों के आधार पर कंपनी पर यह टैक्स डिमांड निकाली गई थी। इनकम टैक्स एक्ट की धारा 148 के आधार पर दिए गए आयकर के आदेश को ट्रिब्यूनल ने बांबे हाई कोर्ट के आदेश का संदर्भ लेते हुए रद कर दिया है। आयकर विभाग के आदेश के खिलाफ अपीलेट ट्रिब्यूनल में 2022 में अपील दाखिल हुई थी। अंतिम सुनवाई के बाद दो जनवरी को ट्रिब्यूनल ने फैसला सुनाया और अब लिखित आदेश जारी कर दिया है। टैक्स डिमांड की राशि के आधार पर आयकर अपीलेट ट्रिब्यूनल की इंदौर बेंच द्वारा दिया गया सबसे बड़ा निर्णय बताया जा रहा है। दरअसल बीते वर्षों में भोपाल के असनानी ग्रुप पर आयकर की जांच हुई थी। जांच के दौरान वहां से आयकर को कुछ लेन-देन की एंट्री मिली थी। उस आधार पर इंदौर के शरद दरक की कंपनी जयगंगा एक्जिम पर आयकर की जांच आकर टिक गई थी। बाद में धारा 148 में केस को रीओपन कर आयकर विभाग ने जांच शुरू की थी।मामले में कंपनी की ओर से पैरवी करने वाले सीए हर्ष विजयवर्गीय के अनुसार आयकर ने कोलकाता की कंपनियों से एंट्री लेकर बोगस शेयर कैपिटल जुटाने का दोषी जयगंगा कंपनी को ठहराया था। इसी आधार पर धारा 148 में




टैक्स की मांग निकाली गई थी। कंपनी और कर्ताधर्ताओं को टैक्स चुकाने के लिए नोटिस जारी किया था। इसके खिलाफ कंपनी ने आयकर अपीलेट ट्रिब्यूनल में याचिका दाखिल की थी। कंपनी की ओर से जेट एयरवेज प्रकरण के मामले में बांबे हाई कोर्ट द्वारा सुनाए गए निर्णय का संदर्भ दिया गया। इसमें कोर्ट ने कहा था कि इनकम टैक्स एक्ट की धारा 148 में जिन बिंदुओं को आधार बनाकर केस को रिओपन किया जाता है। आयकर सिर्फ उन्हीं बिंदुओं पर विचार कर व तथ्य जुटाकर टैक्स की मांग निकाल सकता है। इसके अलावा अतिरिक्त बिंदुओं को शामिल नहीं किया जा सकता। इस आधार पर आयकर विभाग द्वारा निकाली गई टैक्स मांग को अनुचित ठहराते हुए ट्रिब्यूनल आयकर का आदेश और टैक्स डिमांड को रद कर दिया है।

## नगर निगम की संपत्तियां होंगी फ्री होल्ड नल कनेक्शन को वैध कर भरेगा खजाना

**सिटी चीफ इंदौर।**
तंगहाल नजर आ रहे नगर निगम को संपन्न बनाने की दिशा में महापौर परिषद तेजी से कदम बढ़ाती दिख रही है। सोमवार को महापौर परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों से इस बात के संकेत मिल रहे हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में नगर निगम सभाकक्ष में संपन्न एमआइसी बैठक में तमाम ऐसे निर्णय लिए गए, जिनसे नगर निगम का खाली खजाना भर सके और राजस्व बढ़ाया जा सके। नगर निगम की संपत्तियों को फ्री होल्ड करने के निर्णय पर मुहर लगा दी गई। अवैध नल कनेक्शनों को भी वैध किया जाएगा।सोमवार को नगर निगम के सभाकक्ष में एमआइसी की बैठक हुई। बैठक में आयुक्त हर्षिका सिंह, महापौर परिषद सदस्य राजेन्द्र राठौर, निरंजनसिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, राजेश उदावत, जीतू यादव, अभिषेक शर्मा, राकेश जैन, प्रिया डांगी, मनीष शर्मा के साथ सभी अपर आयुक्त और विभाग प्रमुख मौजूद रहे। महापौर भार्गव ने बैठक में तीन नए जोनल कार्यालय बनाने को मंजूरी दी। अब निगम के जोनल कार्यालयों की संख्या 19 से बढ़कर 22 हो जाएगी। महापौर ने कहा कि इसी माह वार्ड समितियों का गठन भी कर दिया जाए। महापौर भार्गव ने बैठक में कि नगर निगम को आर्थिक आत्मनिर्भर और कर्ज मुक्त बनाने की दिशा में हम प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए ऐसे तमाम कदम उठाए जाएंगे जिससे राजस्व संग्रहण बढ़ सके। निगम राजस्व को बढ़ाने के उददेश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध नल कनेक्शन को वैध करने हेतु अभियान चलाने के संबंध में मेयर इन काउंसिल में निर्णय लिया गया है। निर्धारित शुल्क देकर नागरिक अवैध नल कनेक्शन को वैध करवा सकेंगे। इसके लिए अभियान चलेगा इसके बाद भी यदि अवैध नल कनेक्शनकर्ता कनेक्शन वैध नहीं करता है तो उसके विरुद्ध पेनाल्टी लगाई जाएगी। मांस, मछली का नियमानुसार विक्रय हो निगम की शहर में स्थित संपत्तियों को फ्री होल्ड किया जाएगा। इससे संपत्ति धारकों उस पर मालिकी हक मिलेगा साथ ही निगम को अच्छी आय हो सकेगी। स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत विभिन्न शहरों एवं देशों के प्रतिनिधि जो स्वच्छता का माडल देखने इंदौर आते हैं उन्हें भी अब नगर निगम को शुल्क देना होगा। महापौर परिषद ने ऐसे मेहमानों से प्रति व्यक्ति 2000 रुपये का शुल्क वसूलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। महापौर ने विभागीय अधिकारियो को निर्देशित किया कि इस संबंध में देश के समस्त प्रदेशों को सूचना पत्र के माध्यम से संपर्क व राशि के संबंध में विस्तृत जानकारी दे दें। बैठक में शहर में मांस, मछली का नियमानुसार विक्रय हो, इसको दृष्टिगत रखते हुए लगातार कार्रवाई होगी। सिरपुर वेटलैंड (तालाब) पर राष्ट्रीय स्तर के फरवरी में इंदौर के सिरपुर तालाब पर आयोजित वेटलैड सिटी समारोह के संबंध में भी चर्चा की गई। इसे दृष्टिगत रखते हुए शहर के रामसर साइट जिनमें सिरपुर तालाब, यशवंत सागर तालाब के आस-पास के अवैध अतिक्रमण हटाने की भी कार्रवाई की जाएगी। 11 करोड़ सीवर लाइन महापौर परिषद की बैठक में गांधी नगर मुख्य मार्ग की सड़क के निर्माण के लिए 7,56,09,524 रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। जोन 13 के अंतर्गत आने वाले खंडवा रोड की कालोनियों गणेश नगर से राजीव गांधी चौराहे तक जीत नगर, श्रीयंत्र नगर, गीता विहार, संत नगर जैसी कालोनियों के लिए सीवर लाइन डालने के लिए 11,07,75,894 रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की गई। शहर में नगर निगम के लगे छह हजार बोरिंगों पर लगे पंपों के कम हार्स पावर वाले पंपों से बदला जाएगा। इसके लिए निगम द्वारा पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप माडल को लागू किया जाएगा। जिस एजेंसी को इसका जिम्मा दिया जाएगा वो एक साल में निगम के सारे पंप को बदलेगी और पांच साल तक रखरखाव भी करेगी। इस काम में बदले में निगम कंपनी को लगभग प्रति पंप एक लाख रुपये देगा। हालांकि अभी एजेंसी व राशि तय होना बाकी है। इस तरह निगम करीब 60 करोड़ रुपये इस काम पर खर्च करेगा। नर्मदा प्रोजेक्ट के कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव के मुताबिक पहले जो पंप खराब होंगे उन्हें ही बदला जाएगा। वर्तमान में निगम पंपों के संचालन पर बिजली खर्च पर 45 करोड़ व रखरखाव पर 5 करोड़ रुपये खर्च करता है।

## इंदौर में ड्रग्स में इस्तेमाल रोलिंग पेपर और गोगो पर प्रतिबंध

**सिटी चीफ इंदौर।**
नशे के लिए उपयोग में लिए जाने वाले गोगो और रोलिंग पेपर पर पुलिस ने प्रतिबंध लगाया है। नशेड़ी प्रतिबंधित पेपर का नशे के लिए उपयोग करते है। पुलिस ने गोपनीय सूचना पर कार्रवाई की है। पुलिस आयुक्त ने बाकायदा धारा 144 के तहत आदेश जारी कर सभी थानों को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है।पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर के मुताबिक, गोगो, रोलिंग पेपर, स्मोकिंग कोन, परफेक्ट रोल का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। नशेड़ियों को पान की दुकान, चाय के ठेलों पर ही पेपर आसानी से मिल जाता है। आयुक्त ने नशे पर रोक लगाने के उद्देश से पेपर की खरीदी बिक्री पर रोक लगाई है। लूट की वारदातों में नशेड़ियों की संलिप्तता पुलिस आयुक्त ने कहा कि सभी दुकानदारों को आदेश की सूचना दे दी गई है। चारों जोन के डीसीपी, अपराध शाखा और इंटेलिजेंस को अलर्ट किया गया है। दुकानदारों को एक दिन का समय दिया गया है। मंगलवार से पुलिस एक्शन में नजर आएगी। पान की दुकान, गुमटियों, चाय के ठेलों पर




प्रतिबंधित सामग्री मिली तो कड़ी कार्रवाई होगी। अफसरों के मुताबिक शहर में होने वाली लूट, चोरी की घटनाओं में गिरफ्तार ज्यादातर केसों में नशेड़ी ही निकलते है। वारदात भी नशे के लिए करना कबूलते है। इन अपराधियों द्वारा ही नशा और नशे की सामग्री खरीदने की सूचना दी जाती है। सामाजिक संगठनों ने भी दी सूचना नशे के कारण होने वाले अपराधों से हर वर्ग परेशान है। विभिन्न सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि भी पुलिस अफसरों को समय-समय पर सूचना देते आए है। आयुक्त को इंटेलिजेंस द्वारा भी नशे की सामग्री की जानकारी मिलती रही है। आयुक्त के मुताबिक इस वर्ष ब्राउन शुगर के 65 केस, एमडी के 8, चरस के 4, गांजा के 7, स्मैक का एक केस दर्ज हुआ है। कुल चार करोड़ से ज्यादा की ड्रग खरीदी है।

## फरवरी में इंदौर से अयोध्या तक आस्था ट्रेन चलाने की तैयारी

**सिटी चीफ इंदौर।**
अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी को होने वाला है। इसमें देशभर से कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। देशभर से अयोध्या के लिए आस्था ट्रेन का संचालन किया जाएगा। पश्चिम रेलवे ने भी अपने मंडलों से आस्था ट्रेन चलाने की कवायद शुरू कर दी है। फरवरी माह के पहले सप्ताह में इंदौर से अयोध्या के लिए सीधी ट्रेन चलेगी।जनवरी से मार्च तक देशभर से आस्था ट्रेन चलाई जाना है। इसको लेकर पश्चिम रेलवे द्वारा भी तैयारी शुरू कर दी गई है। फरवरी माह में इंदौर से अयोध्या तक स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि पश्चिम रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी करने के निर्देश जारी किए है। इंदौर से 3 फरवरी के आसपास स्पेशल ट्रेन का संचालन नान एसी कोच के साथ किया जा सकता है। फरवरी माह में स्पेशल ट्रेनें इंदौर के साथ ही भावनगर, राजकोट, अहमदाबाद और सूरत से चलाई जाना है। विगत दिनों चेयरमेन रेलवे बोर्ड




और चीफ एक्जीक्यूटिव आफिसर द्वारा वीसी के माध्यम से आस्था ट्रेन चलाने की बैठक हो चुकी है। शुरूआत में पश्चिम रेलवे की पांच लोकेशन से ट्रेन का संचालन किया जाएगा। जोनल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (जेडआरयसीसी) के सदस्य जगमोहन वर्मा का कहना है कि इंदौर और आसपास से लाखा श्रद्धालु अयोध्या जाना चाहते है।इसको लेकर पश्चिम रेलवे को पत्र लिख चुके है और बैठक में भी मुद्दा उठा चुके है। पश्चिम रेलवे द्वारा इंदौर को ट्रेन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है।गौरतलब है कि सांसद शंकर लालवानी भी रेल मंत्री को अयोध्या तक ट्रेन चलाने के लिए पत्र लिख चुके है। इंदौर और देवास के श्रद्धालुओं को फायदा इंदौर-देवास-उज्जैन रेल खंड का दोहरीकरण हो चुका है। संभावना है कि स्पेशल ट्रेन का संचालन इसी दोहरीकृत रूट से किया जा सकता है। इस रूट से स्पेशल ट्रेन चलने से देवास और उज्जैन के श्रद्धालुओं को भी फायदा होगा। हालांकि उज्जैन से वर्तमान तीन ट्रेन अयोध्या के लिए चलती है।

## सरकारी विभागों पर निगम का करोड़ों बकाया अब पत्र लिखकर पैसा जमा करने को कहेंगे

**सिटी चीफ इंदौर।**
आर्थिक संकटों से जूझ रहा नगर निगम एक तरफ तो आमजन पर छोटे-छोटे बकाया भुगतान को जमा कराने के लिए दबाव बनाता है दूसरी तरफ उसका सरकारी विभागों पर करोड़ों रुपया बकाया है लेकिन वह कुछ नहीं करता।रेलवे, पुलिस विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयडीए सहित कई सरकारी विभाग है जिन पर नगर निगम को संपत्तिकर और सेवा प्रभार के रूप में करोड़ों रुपये लेना निकल रहे हैं। ये बकाया एक दो दिन का नहीं बल्कि वर्षों का है, लेकिन कभी कोई वसूली की कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि नगर निगम अब विभागों पर निकल रहे बकाया कि वसूली का दावा कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि हम मूल विभागों को पत्र जारी कर उन्हें बता रहे हैं कि इंदौर में उनका क्या-क्या संपत्ति है और कितना कर बकाया है। पत्र में हमने विभागों के प्रमुख से कर जमा कराने को भी कहा है। नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार अकेले रेलवे से ही नगर निगम को करीब 56 करोड़ रुपये लेना बाकी हैं। इसमें से 47 करोड़ रुपये संपत्तिकर के रूप में और 9 करोड़ रुपये विज्ञापन शुल्क के रूप में वसूलना है। बीएसएफ से निगम को 17 करोड़ रुपये विभिन्न कर और प्रभार के रूप में लेना हैं। इसके अलावा निगम के बड़े बकायादारों में पुलिस विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयडीए भी शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक से निगम को करोड़ों में कर वसूलना है।

## इंदौर में सुबह धुंध का रहा असर, शाम को बारिश के आसार

**सिटी चीफ इंदौर।**
मंगलवार सुबह शहर में धुंध का असर रहा और न्यूनतम दृश्यता 1100 मीटर दर्ज की गई। रात को छाए बादलों के कारण न्यूनतम तापमान में इज़ाफ़ा देखने को मिला और न्यूनतम तापमान सामान्य से पाँच डिग्री अधिक 15.2 डिग्री दर्ज किया गया।ग़ौरतलब है कि सोमवार को दोपहर में धूप खिली और आसमान में बादल भी नहीं रहे इस वजह से अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री दर्ज किया गया सामान्य था। भोपाल स्थित मौसम केंद्र के मौसम विज्ञानियों के मुताबिक़ मंगलवार शाम तक इंदौर ज़िले में कहीं कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जतायी गई है। इंदौर में अगले दो दिन मौसम साफ़ रहेगा और हल्के फुल्के बादल दिखाई देंगे। सुबह और रात के समय धुंध का असर बरकरार रहेगा। वर्तमान में



उत्तर भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके गुज़रने के पश्चात शहर के तापमान में सप्ताह के अंत तक गिरावट देखने को मिलेगी ।ऐसे में संभावना जतायी जा रही है कि इसके बाद भी रात के तापमान में भी कमी आने से ठण्ड का तीव्र असर दिखाई देगा। आज का मौसम शहर में सोमवार को शहर में हल्की धुंध का असर दिखाई दिया। दिन में बादल छंटने से धूप भी खिली। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मंगलवार को शहर में धूप निकलेगी और इंदौर जिले में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। दिन के तापमान में बढ़ोतरी व रात के तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

## ऊंचे दामों पर ग्राहकी अटकने से सोने-चांदी में आंशिक गिरावट

**सिटी चीफ इंदौर।**
सोने और चांदी के गहनों में ऊंचे दामों पर ग्राहकी अटकने के कारण सप्ताह के पहले ही दिन दोनों धातुओं में आंशिक गिरावट दर्ज की गई। ज्वेलर्स का मानना है कि बाजार में वैवाहिक सीजन की ग्राहकी दिखाई देने लगी है। ऐसे में दाम घटे तो ग्राहकी बढ़ेगी। हालांकि लंबी मंदी नजर नहीं आ रही है।सोमवार को इंदौर में सोना केडबरी आंशिक घटकर 63100 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी चौरसा 350 रुपये घटकर 73000 रुपये प्रति किलो रह गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव मजबूती के साथ खुले। कामेक्स पर सोना 2,046 डालर प्रति औंस और चांदी वायदा 23.20 डालर के भाव पर कारोबार करता देखा गया। विदेशों में ज्यादा मंदी की स्थिति नहीं बन पाने पर भारतीय बाजारों में भी दोनों मूल्यवान धातुओं में




लंबी मंदी नजर नहीं आ रही है। कामेक्स सोना ऊपर में 2046 नीचे में 2027 डालर प्रति औंस और चांदी ऊपर में 23.20 नीचे में 22.95 डालर प्रति औंस पर कारोबार करता देखा गया। सोना केडबरी रवा नकद में 63100 सोना (आरटीजीएस) 63950 सोना (91.60 कैरेट) 58580 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। शनिवार को सोना 63175 रुपये पर बंद हुआ था। चांदी चौरसा 73000 चांदी टंच 73175 चांदी चौरसा (आरटीजीएस) 73000 रुपये प्रति किलो बोली गई। शनिवार को चांदी 73350 रुपये पर बंद हुई थी।

# केंद्र सरकार भरेगी निर्धन कैदियों का अर्थदंड केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मांगी जानकारी

**सिटी चीफ भोपाल**

भोपाल। केंद्र सरकार ऐसे निर्धन कैदियों का अर्थदंड और जमानत राशि का व्यय वहन करेगी तो इसे नहीं दे पाने के कारण जेल में हैं। इसे लेकर प्रदेश सरकार ने प्रमुख सचिव, जेल की अध्यक्षता में चार सदस्यीय राज्य स्तरीय निगरानी समिति गठित की है। यह समिति गरीब विचाराधीन कैदियों की जमानत राशि और दोष सिद्ध कैदियों की जुर्माना राशि आदि भुगतान के संबंध में जिला स्तरीय साधिकार समिति से प्राप्त अनुशंसाओं पर निर्णय लेगी। इसी तरह जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति बनाई गई है। राज्य सरकार प्रदेश के निर्धन कैदियों का डाटा केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी भेजेगी। दरअसल, केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में निर्देश दिए हैं। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को निर्धन कैदियों को सहायता दिए



जाने की योजना के क्रियान्वयन संबंधी जानकारी दी है। मंत्रालय ने ऐसे कैदियों की संख्या भी मांगी है। बता दें, अभी तक मध्य प्रदेश की जेलों में निर्धनता के कारण अर्थदंड न भरने वाले कैदियों के लिए जेल मुख्यालय गैर सरकारी संगठन, निजी संस्थाओं एवं व्यक्तियों के माध्यम से राशि लेकर इन निर्धन कैदियों को रिहा कराने की पहल करता रहा है।जिला समिति 40 हजार रुपये तक स्वीकृत कर सकेगी निर्धन कैदियों की जमानत के लिए 40 हजार रुपये की राशि कलेक्टर की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति स्वीकृत कर सकेगी। वहीं अर्थदंड भरने के लिए 25 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की जाएगी। इससे अधिक की राशि होने पर प्रकरण राज्य स्तरीय समिति को भेजा जाएगा। अधिकतम राशि की वर्तमान में कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है। हालांकि इस व्यवस्था में एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रापिक सब्स्टांसेस) एक्ट, पाक्सो (प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रन फार सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट), पीएमएलए (प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग) और यूएपीए एक्ट (गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम) के निर्धन कैदियों को केवल जमानत के लिए आर्थिक मदद की जाएगी उनका अर्थदंड नहीं भरा जाएगा। मप्र में 36 कैदी अर्थदंड न भर पाने के कारण हैं जेल में यदि अर्थदंड नहीं भरा जाता है तो कैदी को अतिरिक्त दो-तीन माह की सजा और काटनी पड़ती है। निर्धनता के कारण अर्थदंड न भर पाने वाले प्रदेश की जेलों में बंद ऐसे कैदियों की संख्या फिलहाल 36 है। यह संख्या बदलती भी रहती है।

# बैरागढ़ के पास पीडब्ल्यूडी और बाकी बीआरटीएस नगर निगम हटाएगा

**सिटी चीफ भोपाल**

राजधानी में मिसरोद से बैरागढ़ तक बनाए गए 24 किलोमीटर बीआरटीएस को हटाने का काम जल्द शुरु होगा। इसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई और लोक निर्माण विभाग के सुखबीर सिंह के बीच सहमति बन गई है। साथ ही इन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को भी इसे हटाने के लिए निर्देश दिए हैं। इसके तहत बैरागढ़ के आसपास के हिस्से के बीआरटीएस को पीडब्ल्यूडी हटाएगा, जबकि बचा हुआ भाग नगर निगम हटाएगा। नगर निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. ने बताया कि योजना बनकर तैयार है, जल्द ही इसे हटाने के लिए टेंडर जारी करेंगे।बता दें कि नर्मदापुरम रोड पर मिसरोद से एम्प्री तक बने बीआरटीएस कारिडोर की लंबाई 6.7 किलोमीटर है। यहां बीआरटीएस हटाकर तीन-तीन लेन का सिक्सलेन मार्ग का निर्माण हो सकता है। इसमें 11.67 करोड़ रुपए



खर्च होंगे। इसके साथ साइकिल ट्रैक का उपयोग भी उचित रूप से नहीं होने से यह टूव्हीलर के लिए उपयोगी बनाया जा सकता है। वहीं रोशनपुरा से कमला पार्क तक की लंबाई 1.42 किलोमीटर है, यहां डेडिकेटेड कारिडोर हटाकर मिक्स्ड वाहनों के लिए तीन लेन सड़क मय सेंट्रल वर्ज के बनाए जाने में करीब 3.21 करोड़ रुपए खर्च आ सकता है। वहीं कलेक्टोरेट से लालघाटी तक 1.73 किलोमीटर कारिडोर हटाकर दोनों ओर तीन-तीन लेन की सड़क हो जाएगी। इसमें कुल 3.63 करोड़ रुपए खर्च आ सकता है। यानी मिसरोद से लाल घाटी तक का कारिडोर नगर निगम हटाएगा। पहीं हलालपुरा से सीहोर नाके तक कुल 3.81 किमी लंबाई के कारिडोर को पीडब्ल्यूडी हटाएगा।

# शहीद भवन में नाटक मंचन, जनजातीय संग्रहालय में देखें चित्र प्रदर्शनी

शहर में कलात्मक, सांस्कृतिक, सामाजिक, खेल, धार्मिक आदि गतिविधियों का सिलसिला निरंतर चलता रहता है। मंगलवार 09 जनवरी को भी शहर में ऐसी अनेक गतिविधियों का आयोजन होने जा रहा है, जिनका आप आनंद उठा सकते हैं। यहां हम कुछ ऐसे ही चुनींदा कार्यक्रमों की जानकारी पेश कर रहे हैं, जिसे पढ़कर आपको अपनी दिन की कार्ययोजना बनाने में आसानी होगी।बाग उत्सव - मप्र हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम की ओर से जवाहर चौक में स्थित मृगनयनी एंपोरियम में बाग उत्सव के तहत बाग प्रिंट के वस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई गई है। बाग उत्सव का समय सुबह 11 बजे से रात आठ बजे तक है। माह का प्रादर्श - इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के वीथि संकुल में माह का प्रादर्श के रूप में टेराकोटा पात्र पर चित्रित मनसा घट को प्रदर्शित किया गया है। बंगाली लोक कला के इस शानदार नमूने का अवलोकन सुबह 11 बजे से शाम




छह बजे तक किया जा सकता है। चित्र प्रदर्शनी - मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की लिखंदरा दीर्घा में भील चित्रकार मुकेश बारिया के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का शुभारंभ आज होगा। प्रदर्शनी को दोपहर 12 बजे से शाम सात बजे तक देखा जा सकता है। पुरातत्व प्रदर्शनी - राज्य संग्रहालय में डा. वीएस वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान द्वारा प्रदेश भर में निष्पादित पुरातत्वीय कार्यों और शैलश्रालयों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इसे सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक देखा जा सकता है। सैन्य फिल्म प्रदर्शन - शौर्य स्मारक के मुक्तकाश मंच पर सैन्य फिल्म क्रेडल फार लीडरशिप प्रदर्शित की जाएगी। यह फिल्म एनडीए की ट्रेंनिग पर आधारित है। समय शाम पांच बजे से है। नाटक मंचन- रंग माध्यम नाट्य संस्था की ओर से शहीद भवन सभागार में नाटक फिल्म स्टार पटोल बाबू का मंचन किया जाएगा। इस नाटक की परिकल्पना एवं निर्देशन दिनेश नायर का है। नाटक का समय शाम साढ़े छह बजे से है।

# सराफा व्यवसायी की दुकान से तीन जोड़ी सोने के झुमके चोरी कर भागा युवक गिरफ्तार

**सिटी चीफ भोपाल**

कोतवाली पुलिस ने एक युवक को तीन जनवरी को चौक बाजार स्थित एक सराफा व्यवसायी की दुकान से सोने के झुमके चुराने के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित दुकान से तीन जोड़ी झुमके चोरी करके भागा था, जिनकी कीमत करीब पौने दो लाख रुपये बताई गई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू की थी। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने एक टीम सीसीटीवी खंगालने में लगाई थी, इस दौरान वह एक स्थान पर एक सीसीटीवी में कैद हुआ था, लेकिन तस्वीर काफी धुधंली थी।सेमराकलां में रह रहा था आरोपित पुलिस ने उस तस्वीर की मदद से उसकी तलाश शुरू की



थी। इस दौरान जानकारी मिली कि वह भानपुर में रह रहा है। बाद में पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान विदिशा रोड लीलाधर कालोनी भानपुर निवासी 20 वर्षीय विशाल सूर्यवंशी के रूम में हुई है। वह वर्तमान में अशोका गार्डन थाना क्षेत्र के सेमरा कलां में रह रहा था। मूलतः वह मुंगावली अशोकनगर का रहने वाला है। वह अपना पता बदलता रहता है। ऐसे की थी चोरी कोतवाली पुलिस के मुताबिक चौक बाजार निवासी विकास अग्रवाल (55) अपने घर के निचले हिस्से में अश्विनी ज्वेलर्स नाम से सराफा दुकान चलाते है। विगत मंगलवार शाम करीब छह बजे वह अपने बेटे अश्विन के साथ दुकान पर ग्राहकों को सामान दिखा रहे थे। तभी एक अज्ञात युवक उनके पास पहुंचा और बोला कि मेरी मां का बर्थ-डे है, मुझे मां को सोने के झुमके गिफ्ट करना है। यह सुनकर विकास अग्रवाल के बेटे अश्विन ने काउंटर पर उसे सोने के झुमके दिखाना शुरू कर दिया। वह उसे झुमके के अन्य डिजाइन दिखा रहे थे, तभी आरोपित युवक काउंटर से सोने के तीन जोड़ी झुमके उठाकर तेजी से बाजार की संकरी गलियों से होकर भाग निकला।

# वार्ड-41 में पार्षद उपचुनाव का परिणाम आज

## नौ उम्मीदवारों के बीच है मुकाबला

**सिटी चीफ भोपाल**

नगर निगम के वार्ड क्रमांक 41 के पार्षद पद को लेकर हुए उपचुनाव का परिणाम मंगलवार दोपहर तक आएगा। इसके लिए सुबह नौ बजे से मतगणना शुरु होगी। इसमें 22 हजार 507 मतदाताओं में से 10 हजार 131 मतदाताओं ने मतदान किया था। यानी सिर्फ 45.1 प्रतिशत मतदान हुआ था। बता दें कि यह सीट पार्षद मोहम्मद सगीर के निधन से 25 जुलाई को खाली हो गई थी।इस उपचुनाव में भाजपा-कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी भी पार्षद पद के लिए मैदान में है। कांग्रेस से मो. फहीम, भाजपा से डा. रेहान सिद्धीकी, आम आदमी पार्टी से असद अली, आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) से तौकीर अहमद निजामी के साथ ही निर्दलीय कैंडिडेट के रूप में



अहमद अकबर खान, अलीमउद्दीन कुरैशी, काजी आसिफ, मो. अजहर मियां और मो. कलीम खां मैदान में हैं। मतगणना में 100 कर्मचारियों की ड्यूटी इसके लिए पांच जनवरी को मतदान हुआ था। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय ने बताया कि पुरानी जेल में सुबह नौ बजे से मतगणना शुरू होगी। इसके लिए नौ टेबलें और मतगणना में करीब 100 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। 244 पंच पदों पर फिर होगा उपचुनाव इधर जिले की पंचायतों में खाली 355 पंच पदों के लिए भी पांच जनवरी को उपचुनाव हुआ था। इसके बाद भी 244 पंच के पद खाली रह गए। सिर्फ 111 पंच पदों के लिए निर्विरोध पंच चुने गए है। जिसमें फंदा के 43 और बैरसिया के 68 पंच शामिल है। शेष बचे पंच पदों के लिए छह महीने के बाद फिर से उपचुनाव कराया जाएगा।

**बीएमएस के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की भेंट**

# हुकुमचंद मिल मजदूरों के भुगतान के लिए जताया आभार

**सिटी चीफ भोपाल**

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव से सोमवार को मंत्रालय में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट की। इस भेंट के दौरान बीएमएस के प्रतिनिधिमंडल ने इंदौर के हुकुमचंद मिल के मजदूरों के किए गए भुगतान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस अवसर पर अंगवस्त्र भेंट कर मुख्यमंत्री डा. यादव का अभिनंदन भी किया।मजदूरों के हितों के लिए सरकार प्रतिबद्ध

इस मौके पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार मजदूरों के हितों के लिए संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। निरंतर इस दिशा में कार्य करते रहेंगे। यहां पर यह गौरतलब है कि राज्य शासन ने 1992 में बंद हुई इंदौर की



हुकुमचंद मिल के 5 हजार से अधिक श्रमिकों को 224 करोड़ की राशि का भुगतान किया। प्रधानमत्री मोदी ने भी इस अवसर पर श्रमिकों को संबोधित किया था। प्रतिनिधि मंडल में भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केपी सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील किरवई, मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह, प्रदेश महामंत्री मधुकर सांवले, प्रांत संगठन मंत्री निरंजन सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## मध्य प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में आंगनबाड़ी खोलेगी मोहन सरकार,

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने आदिवासी बाहुल क्षेत्रों में आंगनबाड़ी खोलने के लिए प्राथमिकता के आधार पर जल्द सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को मंत्रालय में हुई समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों से मंत्री ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में बच्चे घर से दूर बने क्षेत्रों में बने स्कूलों में जाते हैं, इसलिए ऐसे क्षेत्रों में आंगनबाड़ी की व्यवस्था होने से प्राथमिक शिक्षा आसान होगी।मंत्री ने कहा कि औद्योगिक शहरी क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के छह माह से छह वर्ष के बच्चे की बेहतर देखभाल के लिए आंगनवाड़ी सह पालना केंद्र संचालित किया जाएगा। 52 जिलों मे 448 आंगनवाड़ी सह पालना के प्रस्ताव का अनुमोदन केंद्र सरकार ने किया है। बैठक में मंत्री ने कहा कि 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण सप्ताह पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा। इसके तहत 12 जनवरी को सभी बालक-बालिका गृह आंगनवाड़ी केंद्र पर योगाभ्यास किया जाएगा।

# सुबह छाया घना कोहरा, दृश्यता 50 मीटर से भी कम, बूंदाबांदी के आसार

**सिटी चीफ भोपाल**

प्रदेश के आसमान पर बादल छाए हुए हैं। इसके अलावा उत्तर की ओर से आ रही सर्द हवाओं के असर प्रदेश इस वक्त कड़ाके की ठंड की चपेट में है। कई शहरों में सुबह घने कोहरे के हालात बन रहे हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार अगले दो दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को भोपाल में कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।पिछले चौबीस घंटों के दौरान ऐसा रहा मौसम

राजधानी भोपाल में भी मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। इससे दृश्यता 50 मीटर से भी कम रह गई। हालांकि सुबह आठ बजे के बाद हल्की धूप खिली, जिससे कोहरे का असर भी कम हुआ। इधर, शहर के ज्यादातर स्कूल पुराने समय पर



ही खुले। ठंड की वजह से स्कूलों का समय 20 जनवरी तक सुबह 10 बजे से किया गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले चौबीस घंटों के दौरान भोपाल शहर का अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो लगभग सामान्य रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया, जो सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। साथ ही यह पिछले दिन के न्यूनतम तापमान (14.8) के मुकाबले 0.8 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

ये वेदर सिस्टम सक्रिय

मौसम विभाग के पूर्व वरिष्ठ विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ ईरान और अफगानिस्तान के बीच बना हुआ है। दक्षिण-पूर्वी अरब सागर से लेकर गुजरात तक एक द्रोणिका बनी है। दक्षिण-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर उत्तरी गुजरात तक एक और द्रोणिका बनी हुई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इन मौसम प्रणालियों के असर से अरब सागर से लगातार नमी आ रही है। इस वजह से बादल बने हुए हैं। साथ ही सुबह के समय कई शहरों में कोहरा भी छा रहा है।

# डीजे बजाने वालों के लिए मोहन सरकार का खास प्लान

**दूसरे रोजगार से जोड़े जाएंगे युवा, अधिकारियों को निर्देश**

**सिटी चीफ भोपाल**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने डीजे संचालन के कार्य में लगे युवाओं को अन्य रोजगार से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। यादव सोमवार को धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों को तय नियमों के विपरीत बजाए जाने पर की गई कार्रवाई की समीक्षा कर रहे थे, इस दौरान उन्होंने यह निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि डीजे संचालन के कार्य में लगे युवाओं के पुनर्वास के लिए उन्हें विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाया जाए, साथ ही नगरीय निकायों के साथ मिलकर रोजगार की अन्य योजनाएं संचालित करने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। प्रशिक्षण देने के भी निर्देश बैठक में सीएम ने कहा कि शादी विवाह और अन्य अवसरों पर बैंड बाजा व शहनाई का उपयोग हमारी परम्परा है। इसे प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण तथा अन्य नवाचार किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पुलिस बैंड प्रशिक्षण के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की और 15 अगस्त तक सभी जिलों में पुलिस बैंड की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मोहन सरकार ने दिए थे ये निर्देश गौरतलब है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शपथ ग्रहण के बाद हुई पहली कैबिनेट बैठक में धार्मिक स्थलों और अन्य स्थलों में अनियमित अथवा अनियंत्रित ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध के निर्देश जारी किए थे।

## संपादकीय

# क्रिप्टो की बढ़ती लोकप्रियता के बीच ठगों के जाल में फंस रहे पढ़े-लिखे लोग

*डिजिटल लेन-देन के दौरान तो लोग ठगी के शिकार हो ही रहे हैं, अब ठग क्रिप्टो के जरिये पैसे को चौगुना और पांच गुना करने का लालच देकर भी लोगों को ठग रहे हैं। क्रिप्टो के जरिये ठगी का शिकार बनने वाले अधिकांश लोग पढ़े-लिखे हैं। इन ठगों का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है, जिसका संचालन भारत से किया जा रहा है। ठगी के लिए टेलीग्राम या व्हाट्सएप ग्रुप का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। क्रिप्टो से की जा रही ठगी में ज्यादातर चीनियों की लिप्तता है। इसका कारण यह है कि वहां 2016 की तुलना में 2023 में कामगारों के वेतन में उल्लेखनीय कमी आई है, साथ ही, बेरोजगारी भी बढ़ रही है। क्रिप्टो करेंसी एक प्रकार की डिजिटल मुद्रा है, जो भौतिक रूप में उपलब्ध नहीं होती। इसे किसी टकसाल में ढाला नहीं जा सकता, इसलिए इसका लेन-देन दूसरी मुद्राओं की तरह वैधानिक नहीं है। इस पर नियंत्रक का किसी तरह का कोई नियंत्रण नहीं होता है। इसके अधिकांश उपयोगकर्ता गुमनाम रहकर इसका लेन-देन करते हैं। बिटक्वाइन, कारडानो, इथेरियम, रिपल, लिटेक्वाइन, स्टीम, डैश, डोजेक्वाइन आदि क्रिप्टो करेंसीज हैं। इनमें बिटक्वाइन सबसे लोकप्रिय है। यूरो, अमेरिकी डॉलर, पाउंड आदि की तुलना में क्रिप्टो करेंसी के मूल्य में तेजी से इजाफा हो रहा है। क्रिप्टो से ठगी में पहले ऐप या पोर्टल पर निवेशकों का खाता खुलवाया जाता है। शुरू में निवेशकों द्वारा निवेश की गई छोटी रकम को दोगुना या तिगुना कर दिया जाता है। भरोसा जीतने के बाद निवेशकों को बड़ी रकम जमा करने को कहा जाता है। जैसे ही निवेशक वॉलेट में बड़ी रकम जमा करते हैं, उसे तुरंत दूसरे खाते में अंतरित कर दिया जाता है या फिर होल्ड लगा दिया जाता है। आम तौर पर ठगी गई रकम विदेश भेज दी जाती है। ऐसे लोग धन शोधन (एएमएल) और काउंटर फाइनेंसिंग ऑफ टेररिज्म (सीएफटी) में भी लिप्त होते हैं।?वित्त मंत्रालय ने बाइनेंस समेत कई दोषी क्रिप्टो एक्सचेंज को इस मामले में नोटिस दिया है। ठगी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे यूआरएल को ब्लॉक करने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है। अपने यहां क्रिप्टो के जरिये साइबर अपराध, डिजिटल धोखाधड़ी सीएफटी और धनशोधन जैसी वारदातों को भी अंजाम दिया जा रहा है। क्रिप्टो करेंसी की बढ़ती लोकप्रियता ने गैरकानूनी चीजें खरीदने में इसके प्रयोग को बढ़ावा दिया है। वैश्विक ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म चेन एनालिसिस के अनुसार, क्रिप्टो करेंसी के लेन-देन के मामले में अमेरिका के बाद ब्रिटेन, तुर्किये और रूस को पीछे छोड़ते हुए भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है। भारत में क्रिप्टो करेंसी के कॉइनडीसीएक्स, कॉइनस्विच, वजीरएक्स, बाययूकॉइन, जेबपे, गियोटस, उनोकॉइन आदि एक्सचेंज अपना परिचालन कर रहे हैं। क्रिप्टो एक्सचेंज स्टॉक एक्सचेंज की तरह निवेशकों को डिजिटल मुद्राओं में खरीदने-बेचने में मदद करता है। भारत में क्रिप्टो एक्सचेंज के परिचालन के लिए पंजीकरण कराना जरूरी है, लेकिन यहां सिर्फ 31 क्रिप्टो एक्सचेंजों ने ही फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट (एफआईयू) के पास पंजीकरण कराया है। कई क्रिप्टो एक्सचेंज भारत में बिना पंजीकरण के गैर कानूनी तरीके से कारोबार कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, देश के 10 शहरों में क्रिप्टो करेंसी के लगभग 60 प्रतिशत निवेशक निवास करते हैं। देश क्रिप्टो में सर्वाधिक निवेश करने वाले पांच शहर क्रमशः दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, लखनऊ और पटना हैं। क्रिप्टो में निवेश करने वाले टियर 2 शहरों में पटना और लखनऊ अग्रणी हैं। इसमें महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। दुनिया भर में जिस रफ्तार से डिजिटलाइजेशन हो रहा है, उसमें क्रिप्टो करेंसी के प्रसार को रोका नहीं जा सकता है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर भारत जैसे अनेक देश हैं, जहां क्रिप्टो करेंसी की संकल्पना से ज्यादातर लोग अनजान हैं। फिर भी, आने वाले दौर में इसकी स्वीकृति बढ़ने की उम्मीद है। बदले परिवेश में, दुनिया भर की सरकारें क्रिप्टो करेंसी को विनियमित करने के तरीकों की तलाश कर रही हैं, जिनमें से कुछ ने नए नियम और कानून भी बनाए हैं।*

# शेख हसीना की वापसी, विदेशी मुद्रा संकट के बीच राजनीतिक स्थिरता लाने की चुनौती



*बीते रविवार यानी सात जनवरी को बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के लिए मतदान हुआ, जिसमें शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग एक बार फिर विजयी हुई है। चुनावी नतीजे काफी हद तक उम्मीद के मुताबिक रहे और सत्तारूढ़ दल ने संसद में दो तिहाई बहुमत हासिल किया। मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), जिसने चुनाव का बहिष्कार किया था, अपना विरोध जारी रखने की योजना बना रही है। हालांकि, हसीना विपक्ष की योजनाओं से परेशान नहीं हैं और कहती हैं कि उनकी जिम्मेदारी बांग्लादेश के लोगों के प्रति है, न कि विपक्षी पार्टी बीएनपी के प्रति, जो उनके अनुसार, गुंडों की पार्टी है। उन्होंने बांग्लादेश का करीबी साझेदार होने के लिए भारत की सराहना भी की है। बांग्लादेश के चुनावी नतीजे के आंकड़े बताते हैं कि मतदान में मात्र 40 प्रतिशत मतदाताओं ने ही भागीदारी की, जबकि विपक्ष को इस पर भी भरोसा नहीं है। जिन 61 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है, उन्हें भी अवामी लीग का ही छद्म उम्मीदवार बताया जाता है। जातीय पार्टी को सिर्फ 11 सीटों पर जीत मिली है। मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी के नेताओं ने कहा कि उनकी पार्टी मंगलवार से शांतिपूर्वक अपने विरोध आंदोलन को तेज करने की योजना बना रही है। बीएनपी ने इस चुनाव को %फर्जी% बताया है। बांग्लादेश के चुनाव आयोग के अनुसार, 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ, जिनमें 27 राजनीतिक दलों के 1,500 से अधिक प्रत्याशी मैदान में थे। 436 निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे थे। भारत के तीन पर्यवेक्षकों समेत 100 से अधिक विदेशी पर्यवेक्षक बांग्लादेश के चुनाव की निगरानी कर रहे थे। मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 7.5 लाख से अधिक कर्मियों की तैनाती की गई थी। विश्लेषकों का मानना है कि शेख हसीना की सत्ता में वापसी भारत के लिए फायदेमंद है, क्योंकि उनका रुख हमेशा से भारत समर्थक रहा है, जबकि बीएनपी के शासन के दौरान भारत के अलगाववादियों को वहां सुरक्षित पनाह मिलती रही है और बीएनपी का रुख भारत विरोधी रहा है। बांग्लादेश का राजनीतिक परिदृश्य शेख हसीना और खालिदा जिया के बीच तीव्र प्रतिद्वंद्विता के लिए जाना जाता है। शेख हसीना बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी हैं, जबकि खालिदा जिया बांग्लादेश के पूर्व तानाशाह शासक जिया उर रहमान की विधवा हैं। इस राजनीतिक परिदृश्य में अचानक लोगों का ध्यान नोबेल विजेता अर्थशास्त्री मुहम्मद यूनुस की ओर चला गया, जिन्हें हाल ही में बांग्लादेश की एक श्रम अदालत ने छह महीने जेल की सजा सुनाई है। हालांकि इस फैसले के खिलाफ यूनुस को ऊपरी अदालत में अपील करने की इजाजत दी गई है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि अदालत का यह फैसला नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस के खिलाफ राजनीतिक बदले की कार्रवाई का हिस्सा है। हालांकि अवामी लीग सरकार ने इससे इन्कार किया है। मुहम्मद यूनुस बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक के माध्यम से अपने सूक्ष्म-ऋणों के लिए जाने जाते हैं। इस कार्यक्रम को बड़ी संख्या में बांग्लादेशी महिलाओं के उत्थान का श्रेय दिया जाता है, जिन्होंने लघु व्यवसाय शुरू किया। कुछ लोगों का मानना है कि यूनुस का कार्यक्रम उस देश के लिए चमत्कार की तरह है, जो पहले अत्यंत गरीबी के लिए जाना जाता था। मगर उनके विरोधियों का मानना है कि वह उधारकर्ताओं से भारी ब्याज वसूलते हैं, वे इसे सीधे कानूनी मामले के रूप में देखते हैं। दूसरी तरफ, यूनुस और उनके उपक्रम ग्रामीण टेलिकॉम के तीन निदेशकों को दोषी ठहराए जाने को कुछ लोग सरकार द्वारा विरोधी आवाजों को दबाने के एक और प्रयास के रूप में देखते हैं। उनका तर्क है कि इससे स्वतंत्रता और कम होगी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत और एमनेस्टी इंटरनेशनल की पूर्व महासचिव आइरिन खान ने इसे न्याय का मखौल बताया है। उनका आरोप है कि न्यायिक व्यवस्था को हथियार बनाया जा रहा है। बांग्लादेश में श्रम कानूनों के उल्लंघन के कई मामले हैं, लेकिन सरकार श्रमिकों का शोषण रोकने के लिए व्यवसायियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती। वह कहती हैं कि यूनुस के खिलाफ मुकदमा और आरोप तुच्छ एवं हल्के प्रतीत होते हैं। कुछ लोगों को यह भी संदेह है कि पद्मा नदी पर पुल बनाने की परियोजना के लिए विश्व बैंक के वित्त पोषण को रद्द करवाने के पीछे मुहम्मद यूनुस का हाथ था। हालांकि यह आरोप कभी साबित नहीं हो सका, लेकिन उन्हें अवामी लीग सरकार की दुश्मनी झेलनी पड़ी। पद्मा नदी पुल परियोजना को शेख हसीना सरकार की मुख्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक माना जाता है और इसने बांग्लादेश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। मुहम्मद यूनुस की सजा पर बहस हो सकती है, पर एक बात निश्चित है कि उन्हें पश्चिम में बहुत लोग पसंद करते हैं। कुछ लोगों को डर है कि उनकी सजा से बांग्लादेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह प्रभावित हो सकता है। एफडीआई एक सफल विकास रणनीति का प्रमुख तत्व है, क्योंकि यह आर्थिक बदलाव लाने के लिए आवश्यक पूंजी और तकनीकी हस्तांतरण को संभव बनाता है। कई वजहों से बांग्लादेश का एफडीआई प्रवाह हमेशा काफी कम रहा है। लाल फीताशाही और भ्रष्टाचार के अलावा, बहुराष्ट्रीय कंपनियों को उनका मुनाफा वापस देने से रोकने का सरकार का निर्णय उनमें से एक है। बांग्लादेश अपने निर्यात के लिए भी पश्चिमी देशों पर बुरी तरह से निर्भर है। करीब 40 अरब डॉलर मूल्य के बांग्लादेशी निर्यात का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका एवं यूरोपीय संघ जाता है।*

*यदि वहां हुए चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और भागीदारीपूर्ण नहीं माना जाता है, तो यह अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। इस बार बांग्लादेश के चुनाव पर पश्चिमी देशों की तीखी नजर रही। अब यह देखना है कि चुनाव के बाद बांग्लादेश राजनीतिक गतिरोध से कैसे निपटता है। यदि शेख हसीना सरकार मुल्क में राजनीतिक स्थिरता लाने में विफल रहती है, तो यह पश्चिमी देशों को नई कठिनाइयां पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करेगा, जो शायद बांग्लादेश को पसंद न आए, खासकर तब, जब वह विदेशी मुद्रा के संकट का सामना कर रहा है।*

# विश्व सिनेमा की जादुई दुनिया: राधु करमाकर की तीसरी आंख




*सिनेमा को परदे पर लाता है कैमरा। कैमरा हर दृश्य को कैद करता है और फिल्म को संभव बनाता है। फिर भी जब हम सिनेमा की बात करते हैं तो सिर्फ निर्देशक का नाम लेते हैं, अभिनेता-अभिनेत्री का नाम लेते हैं। सामान्य दर्शक को बस सिनेमा देखने से मतलब होता है, सिनेमा के पीछे की बातों से खास मतलब नहीं होता है, वे उसके विषय में शायद ही कुछ जानते हों। कैमरामैन का काम कितना परिश्रम और निष्ठा की मांग करता है, यह लोगों के मन में शायद ही आता है। आज मैं एक ऐसे सिनेमाटोग्राफर की बात करने जा रही हूं, जिसने अर्श से फर्श तक का सफर अपनी मेहनत और लगन से पूरा किया। यह न केवल फोटोग्राफर था, वरन इसने फिल्म भी निर्देशित की। हम लोगों में से अधिकांश ने 'जिस देश में गंगा बहती है' फिल्म देखी है। इस फिल्म का निर्देशन इसी सिनेमाटोग्राफर ने किया था। हुआ न आश्चर्य! क्योंकि सामान्य दर्शक के लिए यह राज कपूर की फिल्म मात्र है। राज कपूर इस फिल्म के नायक थे, उन्होंने इसे प्रड्यूस भी किया था मगर इसके निर्देशक राज कपूर नहीं, राधु करमाकार थे। यही एकमात्र फिल्म थी जो उन्होंने निर्देशित की वरना वे सिनेमाटोग्राफर थे। राज कपूर की कई फिल्मों का उन्होंने ही फिल्मांकन किया था। वे स्वयं को निर्देशक नहीं, कैमरामैन ही मानते थे तभी तो कैमरा को अपनी तीसरी आंख कहते थे। उनकी किताब का नाम भी है, 'कैमरा- मेरी तीसरी आंख'।*

***गरीबी में गुजरा बचपन*** *कैमरामैन राधु करमाकर अविभाजित भारत के बंगाल में 14 अक्टूबर 1916 को जन्मे थे। उनका बचपन भयंकर गरीबी में गुजरा। अपने जन्मदिन से कुछ पहले 5 अक्टूबर 1993 को एक सड़क दुर्घटना में 77 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हुई। उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी वीणा ने अपने बड़े बेटे के सहयोग से राधु के कागजों, डायरियों को छान कर उनकी जीवनी तैयार की, जिसे राजकमल प्रकाशन ने उनकी आत्मकथा के नाम से प्रकाशित किया है। इस जीवनी का हिन्दी रूपांतरण विनोद दास ने 'कैमरा- मेरी तीसरी आंख' नाम से किया है। राधु करमाकर का पूरा नाम राधिका जीवन करमाकर था। उनके वैष्णव माता-पिता ने यह नाम रखा था, लेकिन राजकपूर को लगा कि यह नाम काफी दकियानूसी है, साथ ही बहुत लंबा भी, अत- उन्होंने इसे छोटा करके राधु बना दिया और वे इसी नाम से प्रसिद्ध हो गए। स्वर्णकारों के परिवार की यह पेटपोछना संतान शुरू से शारीरिक रूप से कमजोर थी। इनके पिता का व्यवसाय कलकत्ता में भी था, जिसे राधु के बड़े भाई देखते थे। घर की माली हालत अच्छी न थी, अत- राधु सातवीं तक पढ़ाई करने के बाद कुछ कमाई करने कलकत्ता आ गए। बचपन से कई बार उन्होंने मौत का सामना किया, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। राधु ने चौदह वर्ष की उम्र में पहली बार एक मूक फिल्म देखी। यह फिल्म जयदेव के जीवन पर आधारित थी। उसी समय कहीं फिल्म से जुड़ने के बीज उनके भीतर पड़ गए। कलकत्ते में काफी संघर्ष के बावजूद वे अपने खानदानी पेशे में मन न लगा सके और जतिन दास के शिष्य बने। यह एक रोचक कथा है, जो काम के प्रति उनकी दृढ़ता प्रदर्शित करती है। उन दिनों विशेषज्ञों में अपनी कला को छिपाकर रखने की प्रवृत्ति थी और वे अपने सहयोगियों से बड़ा रूखा और कठोर व्यवहार करते थे। घर वालों के न चाहने के बावजूद उन्होंने एक फिल्म लैब में काम शुरू किया। आश्चर्य उनके पिता ने आपत्ति न की। उन दिनों निगेटिव को हाथ से धोया जाता और काम करने का स्थान बहुत बुरी स्थिति में होता था। अत- लोग जल्द ही बीमार पड़ते और अक्सर मर जाते थे। ऐसे ही एक व्यक्ति द्वारा रिक्त स्थान पर राधु को काम मिला। भागवत वाशीकर से सीखा कैमरा चलाना इस काम को करते हुए वे मौका मिलते भाग कर स्टूडियो जाते और कैमरा संचालन ध्यान से देखते और जब कोई नहीं होता तो कैमरा भी परखते। उनकी यह चोरी एक दिन पकड़ी गई और कैमरामैन भागवत वाशीकर ने उनकी लगन से प्रभावित हो उन्हें सिखाना स्वीकार किया। इस तरह राधु का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। वैसे सैद्धांतिक शिक्षा का उन्हें अवसर नहीं मिला। वाशीकर ने जो कृपा राधु पर की वे उसे कभी नहीं भूले और एवज में उन्होंने जरूरत पड़ने पर दूसरों की सहायता की। इसके बाद करीब छ- साल उन्होंने जतीन दास की शागिर्दी की। राधु उस जमाने के व्यक्ति थे, जो एहसान कभी नहीं भूलते हैं और जिसके साथ जुड़ते हैं, उसके प्रति सदैव वफादार बने रहते हैं। उन्हें कई अन्य स्थानों से बेहतर प्रस्ताव मिले मगर वे जतीन दास के प्रति वफादार बने रहे। इसी तरह जब वे राज कपूर से जुड़े तो उनके प्रति भी ईमानदार रहे और राज कपूर के मर्दवादी तथा सामंती रवैये के बावजूद उनसे एक लंबे समय तक जुड़े रहे। राज कपूर को वे एक बहुत बड़ा फिल्म जानकार, महान निर्देशक और दिलदार मानते हैं, साथ ही उनकी कमियों का भी उल्लेख करते हैं। वे राज कपूर के सबसे विश्वस्त सिनेमाटोग्राफर थे। विभिन्न विचार-पद्धतियों और जीवन-शैलियों को राधु करमाकर प्रेम भाव से देखते थे, मगर गलत को गलत कहने में हिचकते नहीं थे इसीलिए ईमानदार लोग उन्हें पसंद करते थे और इसी कारण वे कई भिन्न विचार वाले लोगों के साथ काम कर सके। वे आदमी पहचानना जानते थे और लोगों के गुणों की कद्र करते थे। खुले मन से उनकी प्रशंसा करने में हिचकते नहीं थे। राधु अपने समय के बड़े सिनेमाटोग्राफर, जैसे जतिन दास, नितिन बोस, दिलीप गुप्ता को बड़े प्रेम और आदर के साथ याद करते हैं। कई फिल्मों की तकनीकि खूबियों को बताते हैं, कई की कमियां गिनाते हैं। सरकार की नीतियों की पड़ताल करते हुए वे सरकार को कुछ सुझाव भी देते हैं। उनके जीवन में कई अच्छे लोग आए, कई लोगों ने उन्हें तंग समय में सहायता की और राधु ने भी कई लोगों की दोस्ती आजीवन निभाई कई लोगों को मुसीबत में सहारा दिया। कैमरामैन का काम प्रशिक्षण की मांग करता है। हमारे देश में कुछ समय पहले तक कैमरा प्रशिक्षण की कोई व्यवस्था नहीं थी। आज यह सुविधा हमारे यहां है। पहले के कुछ जुनूनी कैमरा प्रेमियों ने कैमरा संचालन की शिक्षा दूसरों की शागिर्दी और अपनी लगन से प्राप्त की। 'आवारा', 'श्री 420', 'संगम', 'सन्यासी', ' प्रेम रोग', 'मिलन/नौका डूबी', 'मेरा नाम जोकर', 'जागते रहो', 'सपनो का सौदागर', 'जिस देश में गंगा बहती', बेईमान', 'बॉबी' और कई फिल्में ऐसे ही प्रशिक्षित राधु करमाकर के कैमरे द्वारा बनाई हैं।*

# एक रामायण ऐसी भी... जिसकी शुरूआत बिस्मिल्लाह से, यहां संरक्षित है फारसी में लिखा गया यह ग्रंथ

*वैसे तो हिंदू ग्रंथों की शुरुआत ऊं या श्री गणेशाय नम- से होती है, लेकिन रामपुर की रजा लाइब्रेरी में फारसी में लिखी गई वाल्मीकि रामायण की शुरुआत बिस्मिल्लाह अर्रहमान अर्रहीम से हुई है। सुमेरचंद ने 1713 में संस्कृत में लिखी गई वाल्मीकि रामायण का फारसी में अनुवाद किया था। ऐसा कहा जाता है कि सुमेरचंद ने मुगल बादशाह फर्रुखसियर के कहने पर वाल्मीकि रामायण का फारसी में अनुवाद किया था। रामपुर की रजा लाइब्रेरी ज्ञान का खजाना है। यहां पर दुर्लभ पांडुलिपियों का संग्रह भी उपलब्ध है। इस लाइब्रेरी में हजरत अली के हाथ लिखी कुरान उपलब्ध है तो फारसी में लिखी गई रामायण भी। इस रामायण में स्याही की जगह सोने की पानी का प्रयोग किया गया है। इसे कीमती पत्थरों से सजाया गया है। इस रामायण में मुगल शैली में बने 258 चित्रों का इस्तेमाल किया गया है। तस्वीरों में राम, सीता और रावण अलग दिखते हैं। चित्रों में दिखाए गए पात्रों के आभूषण, कला, वास्तुकला, वेशभूषा मुगलकालीन के हिंदुस्तान की झलक दिखाते हैं। फारसी रामायण का हिंदी में किया अनुवाद रजा लाइब्रेरी के लाइब्रेरियन अबु साद इस्लाही के मुताबिक बाद में फारसी रामायण का हिंदी में अनुवाद भी किया गया। ये काम प्रो. शाह अब्दुस्सलाम और डॉ. वकारुल हसल सिद्दीकी ने किया। फारसी रामायण का हिंदी अनुवाद भी रजा लाइब्रेरी में मौजूद है।* ***तीन खंदों में है यह रामायण*** *फारसी में अनुवादित रामायण में तीन खंड हैं। इसमें बाल खंड, सीता हरण और हनुमत मिलन नामक खंड है। तीनों खंडों में हर एक प्रसंग का खूबसूरती से वर्णन किया गया है। पिछले साल मार्च में रजा लाइब्रेरी की ओर से लखनऊ में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था, जिसमें इस रामायण की छपी हुई कॉपियों को लोगों ने हाथों हाथ लिया था। पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति को भेंट की थी रामायण की प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2016 में जब ईरान के दौरे पर गए थे तो उन्होंने फारसी में लिखी गई इस रामायण की प्रति ईरान के राष्ट्रपति डॉ. हसन रोहानी को भेंट की थी।*



# बाबा की भोग-प्रसादी बना रही रिकॉर्ड; नए साल में 60 लाख का लड्डू प्रसाद घर ले गए भक्त

***12 ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा महाकाल का दरबार निराला है, जहां आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ और यहां आने वाले दान ने तो अब तक रिकॉर्ड बनाया ही है, लेकिन अब मंदिर में विक्रय की जाने वाली भोग प्रसादी भी नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। नए साल के पहले दिन 1 जनवरी और 31 दिसंबर को महाकाल मंदिर में दर्शन करने आए भक्त 60 लाख रुपये से अधिक की लड्डू प्रसादी साथ ले गए। इन दो दिन में 150 क्विंटल लड्डू प्रसादी की बिक्री। इस दौरान 11 लाख 50 हजार भक्त दर्शन के लिए महाकाल मंदिर पहुंचे थे। महाकाल मंदिर प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि 31 जनवरी को 3 लाख 50 हजार और 1 जनवरी को 8 लाख 50 हजार भक्तों ने महाकाल मंदिर आकर दर्शन किए। 35 घंटे तक मंदिर के अलग- अलग लड्डू प्रसादी के काउंटर खुले रहे। इन दो दिन के लिए मंदिर समिति ने कुल 200 क्विंटल लड्डू प्रसादी बनवाई थी। आपने बताया कि प्रसाद के लिए अलग-अलग वजन के पैकेट तैयार किए जाते हैं। इनमें 100 ग्राम, 200 ग्राम, 500 ग्राम और 1 किलो का पैकेट तैयार किया जाता है। याद रहे कि महाकालेश्वर मंदिर में समिति द्वारा श्रद्धालुओं को भगवान महाकाल का लड्डू प्रसाद (शुद्ध घी और बेसन से निर्मित) का विक्रय किया जाता है। प्रतिदिन 50 से 60 क्विंटल लड्डू बनता है। पर्व के दिन में अलग से बनाकर रख लिया जाता है।***






# कैसा रहा एनिमल का हाल

### बॉक्स ऑफिस पर सुस्त हुई डंकी और सलार

भारतीय सिनेमा के लिए 2023 काफी अच्छा साबित हुआ। बीते वर्ष कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रहीं। नए साल पर भी टिकट खिड़की पर रौनक देखने को मिल रही है। दिसंबर महीने में रिलीज हुई डंकी और सलार ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। हालांकि, वक्त के साथ इन दोनों ही फिल्मों की रफ्तार अब सुस्त पड़ चुकी है। वहीं, एनिमल अब भी सिनेमाघरों में दर्शकों को खींचने में कामयाब नजर आ रही है। आइए जानते हैं कि सोमवार को इन सभी फिल्मों का प्रदर्शन कैसा रहा...

**सलार**

आदिपुरुष के फ्लॉप होने के बाद प्रभास के फैंस को सलार से काफी ज्यादा उम्मीदें थी। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी यह मास एंटरटेनर फिल्म साउथ के साथ हिंदी पट्टी के लोगों के दिल जीतने में भी कामयाब रही है। पहले हफ्ते में फिल्म ने 308 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। ये आंकड़े सभी भाषाओं को मिलाकर हैं। वहीं, दूसरे हफ्ते में भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर मजूबत पकड़ दिखाते हुए 70.1 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। 18वें दिन वर्किंग डे की वजह से फिल्म की रफ्तार धीमी नजर आई। तीसरे सोमवार को फिल्म ने दो करोड़ 25 लाख का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 395.50 करोड़ हो गई है।

**डंकी**

शाहरुख खान के लिए 2023 काफी यादगार रहा। पिछले साल आई उनकी सभी फिल्मों ने दर्शकों के दिलों पर राज किया। दिसंबर के आखिर में रिलीज हुई फिल्म डंकी अब तक अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रही है। कम बजट में बनकर तैयार हुई इस फिल्म को देखने के लिए लोग परिवार के साथ सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं। इस फिल्म में किंग खान ने राजकुमार हिरानी के निर्देशन में पहली बार काम किया है। फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो तीसरे हफ्ते में फिल्म की रफ्तार अब काफी धीमी हो चुकी है। 19वें दिन फिल्म ने एक करोड़ 60 लाख रुपये का कारोबार किया। डंकी की कुल कमाई 218.17 करोड़ हो चुकी है।

**एनिमल**

एनिमल रणबीर कपूर के करियर की सबसे बड़ी फिल्म बन चुकी है। फिल्म को लेकर दर्शकों में अब भी दीवानगी देखने को मिल रही है। यही वजह है कि बीते रविवार को फिल्म के कलेक्शन में अच्छा उछाल देखने को मिला। हालांकि, सोमवार को वर्किंग डे होने की वजह से फिल्म का बिजनेस एक बार फिर घट गया। 39वें दिन फिल्म ने 35 लाख रुपये की कमाई के साथ कुल 550.85 करोड़ का कलेक्शन कर लिया।

# आने वाली हैं एक से एक धमाकेदार हॉलीवुड

## 10 धमाकेदार फिल्में




हॉलीवुड फिल्मों का भारत में बहुत बड़ा बाजार बरसों से रहा है, अब इन फिल्मों की भारतीय भाषाओं में डबिंग ने पूरे कारोबार का नक्शा ही बदल दिया है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की फिल्मों ने और फास्ट एंड फ्यूरियस सीरीज की फिल्मों ने तो कमाई के रिकॉर्ड तक देश में बनाए हैं। इस साल %डेडपूल 3% को लेकर अभी से दर्शकों के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है। कुछ और फिल्में भी हैं हॉलीवुड की जिनकी चर्चा पूरे साल होती रहेगी। आइए बताते हैं आपको इस साल रिलीज होने वाली 10 सबसे ज्यादा प्रतीक्षित फिल्मों के बारे में...

मीन गर्ल्स (12 जनवरी 2024)
सामंथा जीन और आर्टुरो पेरेज जूनियर के निर्देशन में बनी फिल्म %मीन गर्ल्स% संगीतमय कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की के इर्द गिर्द घूमती है, जो अपने पूर्व प्रेमी के प्यार में पड़कर गलती करती है। इस फिल्म में क्रिस्टोफर ब्रिनी, औली क्रावल्हो, बेबे वुड, जैकेल स्पिव्रे, टीना फे, अवंतिका वंदनपु, जेना फिशर, बिजी फिलिप्स और टिम मीडोज की मुख्य भूमिकाएं हैं। मीन गर्ल्स ब्रॉडवे म्यूजिकल पर आधारित यह फिल्म इसी हफ्ते 12 जनवरी को रिलीज हो रही है।

अरगाइल (2 फरवरी 2024)
निर्देशक मैथ्यू वॉन की फिल्म अरगाइल एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म की कहानी एक प्रसिद्ध जासूसी उपन्यासकार एली कॉनवे के इर्द गिर्द घूमती है। एली कॉनवे का किरदार ब्राइस डलास हॉवर्ड ने फिल्म निभाया है जबकि अरगाइल की शीर्षक भूमिका में हेनरी कैविल हैं। ह फिल्म 2 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

मैडम वेब (16 फरवरी 2024)
फिल्म मैडम वेब एक आगामी अमेरिकी सुपरहीरो फिल्म है जो इसी नाम के मार्वल कॉमिक्स चरित्र पर आधारित है। यह फिल्म सोनी के स्पाइडर मैन यूनिवर्स (एसएसयू) की चौथी फिल्म है जिसका निर्देशन एसजे क्लार्कसन कर रहे हैं। स्पाइडर मैन यूनिवर्स की पहली महिला प्रधान फिल्म होने के चलते इसे लेकर दर्शकों में खासी उत्सुकता है। फिल्म में सिडनी स्वीनी के साथ डकोटा जॉनसन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 16 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।

ड्यून- पार्ट टू (1 मार्च 2024)
फिल्म ड्यून- पार्ट टू साल 2021 में रिलीज फिल्म ड्यून की अगली कड़ी है। डेनिस विलेन्यूवे के निर्देशन में बनी यह फिल्म फ्रैंक हर्बर्ट के उपन्यास ड्यून के के रूपांतरण का दूसरा भाग है। यह फिल्म हाउस हरकोनेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए रेगिस्तानी ग्रह अराकिस के फ्रीमैन लोगों के साथ एकजुट होने के बारे में है। इस फिल्म में टिमोथी चालमेट, रेबेका फर्ग्यूसन, जोश ब्रोलिन, स्टेलन स्कार्सगार्ड, डेव बॉतिस्ता, स्टीफन मैककिनले हेंडरसन, जेडाया, चार्लोट रैम्पलिंग और जेवियर बार्डेम की मुख्य भूमिकाएं हैं। यह फिल्म 1 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

# गायक का किरदार करने से पहले सीखी हारमोनियम, अब 'तू ही रे' गाने के लिए फुल ट्रेनिंग

*अपनी हर फिल्म और सीरीज में अपने अभिनय से लगातार चौंकाने वाले अभिनेता मनोज बाजपेयी अपनी तैयारी से निर्माता व निर्देशकों को भी चौंकाते रहते हैं। 'अमर उजाला' के खास कार्यक्रम शुक्ल पक्ष में मनोज बाजपेयी ने इस बात का खुलासा किया था कि कैसे फिल्मावली 'रे' में निर्देशक अभिषेक चौबे वाली कहानी के लिए उन्होंने बाकायदा हारमोनियम बजाना सीखा था और अब अभिषेक की वेब सीरीज 'किलर सूप' के लिए मनोज ने अपनी मेहनत का एक नया अध्याय लिखा है। मनोज बाजपेयी ने अपनी आने वाली वेब सीरीज किलर सूप में एक गाना गाया है। इस सीरीज का ट्रेलर लांच हो चुका है, इसमें फिल्म बॉम्बे का हिट गाना तू ही रे जो सुनाई दे रहा है, वह किसी और की आवाज नहीं बल्कि मनोज बाजपेयी की है। निर्माता-निर्देशक मणिरत्नम की फिल्म बॉम्बे साल 1995 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की सफलता के साथ-साथ फिल्म के सभी गाने की खूब हिट हुए थे। ए आर रहमान के संगीत निर्देशन में तू ही रे गीत को हरिहरन और कविता कृष्णमूर्ति ने गाया है। वेब सीरीज में इस गीत को मनोज बाजपेयी ने गाया है, जो ट्रेलर में बैकग्राउंड में सुनाई दे रहा है। मनोज बाजपेयी कहते हैं, मैं कोई प्रोफेशनल सिंगर नहीं हूं, लेकिन इस सीरीज में सिचुएशन ही कुछ ऐसी थी कि मुझे अपनी आवाज में गाना पड़ा। इस सीरीज में पहले मेरी पत्नी स्वाति शेट्टी की भूमिका निभा रही कोंकणा सेन शर्मा के मोबाइल पर जो रिंगटोन गाना बजना था, वह मेरी ही आवाज में रखा जाना था। क्योंकि स्वाति को वही गाना पसंद है। लेकिन अब जब सीन में उमेश की एंट्री होती है और अपनी पत्नी से मिलता है, तो बैकग्राउंड में तू ही रे गाना बजता है। यह बहुत ही हिट गाना है, जिसे हरिहरन जैसे बड़े सिंगर ने गया है। उनकी आवाज से मैं अपनी तुलना तो कर ही नहीं सकता। फिर भी, यह गाना मेरे लिए बहुत ही चुनौतीपूर्ण था।' अभिनेता मनोज बाजपेयी ने तू ही रे गाने को लेकर तैयारी के बारे में कहा, 'सीरीज किलर सूप की शूटिंग से तीन महीने पहले से ही मैंने इस गाने का रियाज करना शुरू कर दिया। इस गाने को बाथरूम में गुनगुनाता था, कहीं बाहर तैयार हो कर जा रहा था तो रास्ते में इस गीत को गाता रहता था। अब दर्शक ट्रेलर में मेरे इस गीत को सुन रहे होंगे, उनको कैसा लग रहा है। मुझे पता नहीं, लेकिन मैंने अपनी तरफ से इसे अछे से गाने की कोशिश की है। सीरीज में सिचुएशन ही कुछ ऐसी बनी कि मुझे गाना पड़ा।*



## ओपनेहाइमर का चला जादू, सिलियन मर्फी, नोलन और रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने मारी बाजी

81वें गोल्डन ग्लोब्स में ओपनेहाइमर का जलवा देखने को मिला है। फिल्म ने कई अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। रॉबर्ट डाउनी जूनियर के बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अवॉर्ड जीतने के बाद फिल्म के डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के खिताब से नवाजा गया है। वहीं, सिलियन मर्फी ने इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (ड्रामा) का पुरस्कार जीता है। रॉबर्ट ने कई दिग्गजों को छोड़ा पीछे फिल्म ओपनहाइमर के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीतने वाले रॉबर्ट का यह तीसरा अवॉर्ड है। क्रिस्टोफर नोलन की ओपेनहाइमर में उन्होंने लुईस स्ट्रॉस की भूमिका निभाई थी। इस श्रेणी में उनका मुकाबला कई दिग्गजों से था। श्रेणी में पुअर थिंग्स के लिए विलेम डेफो, किलर्स ऑफ द फ्लावर मून के लिए रॉबर्ट डी नीरो, बार्बी के लिए रयान गोसलिंग, मई दिसंबर के लिए चार्ल्स मेल्टन और पुअर थिंग्स के लिए मार्क रफालो भी दौड़ में थे, लेकिन रॉबर्ट ने सभी को पीछे छोड़ते हुए इस अवॉर्ड पर अपना कब्जा जमाया है।

## आखिरी बार पंजे जरूर निकलेंगे...

# आर्या 3 अंतिम वार का टीजर जारी, इस दिन रिलीज होगी सुष्मिता की सीरीज




*सुष्मिता सेन की सीरीज आर्या 3 ने दर्शकों को हैरान कर दिया। सीरीज में सुष्मिता के एक्शन और इसकी कहानी को फैंस ने खूब पसंद किया। अब यह सीरीज अपनी अंतिम चरण के करीब है। सीरीज के आखिरी भाग का एलान हो चुका है, जिसके बाद से फैंस काफी खुश हैं। बहुप्रतीक्षित सीरीज आर्या आखिरकार इस साल अपने अंतिम सीजन के साथ लौट रही है। निर्माताओं ने टीजर के साथ रिलीज डेट का भी एलान किया है। आर्या के अंतिम भाग का नाम आर्या अंतिम वार है। सुष्मिता सेन अभिनीत सीरीज की तीसरी किस्त नौ फरवरी को डिनी+हॉटस्टार पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसकी घोषणा करते हुए निर्माताओं ने हाल ही में एक दिलचस्प टीजर जारी किया, जिसमें आर्या की दुनिया की झलक दिखाई गई है। पिछले एपिसोड्स में आर्या सरीन का दमदार अवतार देखा, जो अपने परिवार की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा रही थी, लेकिन अब निर्माता इसे एक कदम आगे ले जा रहे हैं।*

*आर्या 3 के दूसरे भाग आर्या अंतिम वार के टीजर में दिखाया गया कि सुष्मिता को गोली लगी है और वे कर रही हैं कि आखिरी सांस लेने से पहले, एक आखिरी बार उसके पंजे जरूर निकलेंगे। एक बार फिर सुष्मिता का दमदार एक्शन करते हुए खूंखार अवतार देखने को मिला। सीरीज के बारे में बात करते हुए सुष्मिता ने कहा, आर्या मेरे दिल में एक गहरा स्थान रखती है और जैसा कि सीजन 3 जारी है, यह मेरी आत्मा के दो टुकड़ों को एक साथ आते देखने जैसा है। डिनी+हॉटस्टार पर आर्या का प्रत्येक एपिसोड एक ऐसी दुनिया की यात्रा है, जो मेरे अस्तित्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है। आर्या अंतिम वार के आगमन के साथ आप आर्या का एक ऐसा पक्ष देखेंगे, जो पहले देखी गई किसी भी चीज से परे है। इस किरदार को निभाने से मैंने जितना सोचा था, मुझे उससे कहीं अधिक मिला है वहीं, आर्या सीरीज के निर्माता, सह-निर्माता और सह-निदेशक, राम माधवानी ने कहा, आर्या एक परियोजना से कहीं अधिक है। यह एक हार्दिक यात्रा है, जो मेरे करियर में एक विशेष स्थान रखती है। सीजन 3 हमारी टीम के समर्पण का प्रमाण है। जैसे ही हम अगले अध्याय का अनावरण कर रहे हैं, मैं गर्व और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। इस असाधारण कहानी को दर्शकों के साथ साझा करने के लिए उत्सुक हूं। इस भाग में आर्या इस हद तक टूट गई है कि उसका लगभग पुनर्जन्म हो गया है और मेरा मानना है कि उसकी यात्रा को देखकर हर दर्शक को सचमुच ठंड लग जाएगी। सिनेमैटोग्राफिक रूप से आर्या अंतिम वार इस शैली के लिए एक नई शुरुआत है। आर्या सीरीज राम माधवानी द्वारा निर्मित और सह-निर्देशित और अमिता माधवनी, राम माधवानी, राम माधवानी फिल्म्स और एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा सह-निर्मित है। सीरीज में सुष्मिता के अलावा इला अरुण, सिकंदर खेर, इंद्रनील सेनगुप्ता, विकास कुमार, माया सराओ, गीतांजलि कुलकर्णी, श्वेता पसरीचा, वीरेन वजीरानी, प्रत्यक्ष पंवार, आरुषि बजाज, भूपेन्द्र जादावत और विश्वजीत प्रधान सहित अन्य भी शामिल हैं। अब यह सीरीज नौ फरवरी 2024 को डिनी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।*

## गायकी में भी हैं धुरंधर

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं फरहान अख्तर, अभिनय और निर्देशन ही नहीं

*फरहान अख्तर टैलेंट की खान माने जाते हैं। वे बॉलीवुड इंडस्ट्री के ऐसी शख्सियत हैं, जिन्होंने अपने करियर में अभिनय, गायिकी, निर्देशन, स्क्रिप्ट राइटिंग सब किया और इनमें सफल भी हुए। फरहान इंडस्ट्री के दिग्गज लेखक-गीतकार जावेद अख्तर के बेटे हैं, बावजूद इसके इंडस्ट्री में फरहान की पहचान उनकी अपनी काबिलियत के बदौलत है। फरहान ने कई फिल्मों में अभिनय किया और इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस जबरदस्त कलेक्शन किया। एक्टिंग के अलावा फरहान फिल्मों के निर्देशन के लिए भी जाने जाते हैं। उनके द्वारा निर्देशित फिल्मों को लोग आज भी देखना पसंद करते हैं। इंडस्ट्री के मल्टी टैलेंटेड स्टार फरहान आज अपना 50वां जन्मदिन मना रहे हैं। फरहान अख्तर ने साल 2008 में फिल्म रॉक ऑन से अपना एक्टिंग डेब्यू किया और पहली ही फिल्म से छा गए। लोगों को उनकी एक्टिंग खूब पसंद आई। इसके बाद फरहान साल 2011 में जिंदगी मिलेगी ना दोबारा में नजर आए। इस फिल्म में उनके अलावा ऋतिक रोशन, अभय देओल और कटरीना कैफ भी मुख्य भूमिका में थी। वहीं, साल 2013 में उन्होंने राकेश ओम प्रकाश मेहरा की फिल्म भाग मिल्खा भाग और 2021 में तूफान की। फरहान अमिताभ बचन स्टारर वजीर में भी नजर आए थे। भाग मिल्खा भाग फरहान के करियर की ब्लॉकबस्टर फिल्म में से एक रही। फिल्म ने खूब सुर्खियां बटोरी। वहीं, फिल्म में फरहान के किरदार की भी लोगों ने खूब सराहा। चाहे उनके अभिनय की बात हो या फिर फिल्म में उनके फिजिकल लुक की। गौरतलब है कि भाग मिल्खा भाग देश के दिग्गज एथलीट मिल्खा सिंह के रियल लाइफ पर आधारित थी। फरहान ने इस रोल के लिए खूब मेहनत की थी। एक एथलीट की तरह दिखने के लिए फरहान ने जिम में भी खूब पसीना बहाया था और शानदार बॉडी बनाई थी। फरहान ने अपने करियर में कई सफल फिल्मों का भी निर्देशन किया। इस लिस्ट में दिल चाहता है, लक्ष्य, डॉन और डॉन 2 शामिल है। दर्शकों ने उनके द्वारा निर्देशित सभी फिल्मों को खूब पसंद किया। चाहे वो आमिर खान, सैफ अली खान और अक्षय खन्ना स्टारर दिल चाहता है या फिर शाहरुख खान और प्रियंका चोपड़ा स्टारर डॉन और डॉन 2। इन फिल्मों के निर्देशन के लिए फरहान ने खूब सुर्खियां बटोरी। इसके अलावा फरहान ने कई फिल्मों में गाने में भी गाए हैं। फिल्म वजीर में उनका गाया गाना अतरंगी यारी काफी चर्चा में रहा था। फिलहाल फरहान अपनी फिल्म डॉन 3 से फिर से निर्देशन के क्षेत्र में लौट रहे हैं। साल 2023 में उन्होंने डॉन 3 का एलान किया था। इस दौरान इस फिल्म का पोस्टर भी रिलीज किया गया था। फिल्म में रनवीर सिंह नजर आने वाले हैं। हालांकि, डॉन 3 में शाहरुख खान का न होना उनके फैंस को जरूर निराश करने वाला है।*



## सिंगल कॉलम

### थोड़ी ही देर में जारी होगा सीए फाइनल और इंटर रिजल्ट




सीए फाइनल रिजल्ट नवंबर 2023 और सीए इंटर रिजल्ट नवंबर 2023 आज जारी होने वाला है। स्टूडेंट्स बेसब्री से परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया थोड़ी ही देर में सीए फाइनल और इंटरमीडिएट कोर्सेस की नवंबर 2023 सत्र की परीक्षाओं के नतीजों की घोषणा करेगा। हाल ही में परिणाम आज घोषित किए जाने को लेकर आइसीएआइ के सीसीएम धीरज खण्डेलवाल ने जानकारी साझा की थी।आइसीएआइ की ओर से आधिकारिक तौर पर सीए फाइनल रिजल्ट नवंबर 2023 और सीए इंटर रिजल्ट नवंबर 2023 को घोषित किए जाने के समय की जानकारी साझा नहीं की गई है। हालांकि, पिछले सत्रों की परीक्षाओं और नतीजों की घोषणा के पैटर्न को देखें तो आइसीएआइ द्वारा परिणाम सुबह के समय ही घोषित किए जा सकते हैं। ऐसे में संभावना है कि जल्द ही परिणाम आधिकारिक वेबसाइट icai.nic.in पर अपलोड कर दिए जाएंगे।आइसीएआइ द्वारा सीए फाइनल रिजल्ट नवंबर 2023 और सीए इंटर रिजल्ट नवंबर 2023 की घोषणा कुछ ही देर में की जानी है, ऐसे में स्टूडेंट्स को जान लेना चाहिए कि वे अपना परिणाम कहां और कैसे देख सकेंगे नवंबर परीक्षा परिणाम जानने के लिए स्टूडेंट्स को संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट, icai.nic.in के होम पेज पर एक्टिव किए जाने वाले सम्बन्धित लिंक पर क्लिक करना होगा। इसके बाद नये पेज पर स्टूडेंट्स को अपना रोल नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर भरकर सबमिट करना होगा। इसके बाद परीक्षार्थी अपना परिणाम और प्राप्तांक ऑनलाइन देख सकेंगे। स्कोर कार्ड का प्रिंट लेने के बाद स्टूडेंट्स को ऑनलाइन मार्कशीट की सॉफ्ट कॉपी भी सेव कर लेनी चाहिए।

# अदानी समूह तमिलनाडु में 42 हजार 700 करोड़ रुपये का निवेश करेगा

नई दिल्ली । अदानी समूह ने सोमवार को तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2024 में 42,700 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए। अदानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड अगले 5-7 सालों में तीन पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट (पीएसपी) में 24,500 करोड़ रुपये का सबसे बड़ा निवेश करेगा। अदानी कॉनेक्स आने वाले सात वर्षों में हाइपरस्केल डेटा सेंटर में 13,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगा, जबकि अंबुजा सीमेंट्स अगले पांच सालों में तीन सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट में 3,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। अदानी टोटल गैस लिमिटेड आठ साल में 1,568 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, राज्य उद्योग मंत्री टी.आर.बी. राजा और अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के प्रबंध निदेशक करण अदानी, कैबिनेट मंत्री और विभिन्न सरकारी विभागों के सचिवों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर के समय उपस्थित रहे। एमओयू पर हस्ताक्षर करने पर करण अदानी ने कहा, आज का तमिलनाडु स्थिरता, एक अच्छी तरह से स्थापित औद्योगिक इकोसिस्टम, उन्नत




बुनियादी ढांचे, कुल कनेक्टिविटी, सुरक्षित, सक्षम और व्यापार-अनुकूल नीतियों का एक असाधारण उदाहरण है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन का जिक्र करते हुए करण अदानी ने कहा, तमिलनाडु को एक सामाजिक-आर्थिक महाशक्ति बनाने के उनके अभियान ने बढ़ती संख्या में व्यापारिक घरानों को इस राज्य में निवेश करने के लिए आकर्षित किया है और अदानी समूह को उनमें से एक होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। तमिलनाडु में अदाणी समूह की उपस्थिति बंदरगाह, खाद्य तेल, बिजली ट्रांसमिशन, शहरी गैस वितरण, डेटा केंद्र, ग्रीन एनर्जी और सीमेंट विनिर्माण सहित कई तेजी से बढ़ रहे क्षेत्रों तक फैली हुई है। अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, इसकी एकीकृत बंदरगाह और लॉजिस्टिक्स कंपनी, वर्तमान में कट्टुपल्ली और एन्नोर बंदरगाहों का संचालन कर रही है और अब तक तिरुवल्लूर जिले में कुल 3,733 करोड़ रुपये का निवेश किया है। दोनों बंदरगाह सामूहिक रूप से चेन्नई और श्री सिटी क्षेत्रों के भीतरी इलाकों की जरूरतों को पूरा करते हैं। अदानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड पीएसपी संयंत्रों, जलविद्युत ऊर्जा भंडारण प्रणालियों में निवेश करके तमिलनाडु में अपनी उपस्थिति में विविधता लाएगा, जो बिजली पैदा करने के लिए ग्रेविटेशनल फोर्स का उपयोग करते हैं। यह थेनमलाई, अल्लेरी और अलियार में सुविधाओं के माध्यम से कुल 4,900 मेगावाट की क्षमता का लक्ष्य बना रहा है। 4,400 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने वाली इस स्वच्छ ऊर्जा परियोजना के लिए अदानी समूह लगभग 25,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। समूह राज्य के स्थापित आईटी उद्योग की डेटा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, एसआईपीसीओटी आईटी पार्क के पास स्थित चेन्नई के सबसे उन्नत डेटा सेंटर का संचालन करता है। 33 मेगावाट क्षमता के साथ, अदानी-एजकॉन्क्स डेटा सेंटर एक नेटवर्क तटस्थ सुविधा है, जो रिन्यूएबल एनर्जी से संचालित है। अब इसे 13,200 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 200 मेगावाट डेटा सेंटर तक बढ़ाया जाएगा। अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी ने राज्य में एक मिलियन टन की वार्षिक क्षमता बनाने के लिए 550 करोड़ रुपये का निवेश किया था। तीन संयंत्र स्थापित करने के लिए 3,500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ इसे 14 मिलियन मीट्रिक टन तक बढ़ाया जा रहा है। एक मदुक्कराई में 2 मिलियन टन की क्षमता के साथ और दो कट्टुपल्ली और तूतीकोरिन में 6 मिलियन टन की क्षमता के साथ। ये 5,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। समूह अदाणी टोटल गैस के माध्यम से कुड्डालोर और तिरुप्पुर जिलों की शहरी गैस वितरण आवश्यकताओं को भी पूरा करता है। यह वर्तमान में 180 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 100 किमी से अधिक पाइपलाइन बिछाकर 5,000 से अधिक घरों को पाइप से गैस सप्लाई करता है। अदाणी टोटल गैस शहरी गैस वितरण, खनन और ट्रकों के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस और इलेक्ट्रिक वाहनों में अपनी पेशकश का विस्तार करने के लिए तमिलनाडु में अपने निवेश को 9 गुना से अधिक बढ़ाएगी।

# देश में नया तेल भंडार मिला, पेट्रोलियम मंत्री ने बताया इस जगह से पहली बार निकला क्रूड ऑयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने देश में नई तेल खोज की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, कृष्णा गोदावरी बेसिन में काकीनाडा के तट से 30 किलोमीटर दूर, कल पहली बार तेल निकाला गया था। 2016-17 में इस पर काम शुरू हुआ था हालांकि, फिर कोविड के कारण कुछ देरी हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वहां 26 कुओं में से 4 कुएं पहले से ही चालू हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास न केवल बहुत कम समय में गैस होगी। इसके अलावे मई और जून तक, हम प्रति दिन 45,000 बैरल का उत्पादन करने में सक्षम होने की उम्मीद करते हैं। यह उत्पादन हमारे देश के कुल कच्चे तेल के उत्पादन का 7 प्रतिशत और हमारे गैस उत्पादन का 7 प्रतिशत होगा। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी ओएनजीसी ने बंगाल की खाड़ी में कृष्णा गोद री डीप-वाटर ब्लॉक 98/2 से 'पहला तेल' उत्पादन शुरू कर दिया है। जिस स्थान पर तेल निकाला जाता है वह कृष्णा गोदावरी बेसिन में काकीनाडा के तट से 30 किलोमीटर दूर है। बेसिन से पीक तेल और गैस उत्पादन के लिए चरण 3, पहले से ही चल रहा है और इसके जून 2024 में समाप्त होने की संभावना है। 98/2 परियोजना से ओएनजीसी के कुल तेल और गैस उत्पादन में क्रमशः 11 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता भारत अपनी घरेलू मांग को पूरा करने के लिए वैश्विक बाजार के विभिन्न स्रोतों से आयातित कच्चे तेल पर निर्भर है। ओएनजीसी ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कंपनी ने 7 जनवरी 2024 को कृष्णा गोदावरी डीप-वाटर ब्लॉक 98/2 (बंगाल की खाड़ी में) से पहली बार एफपीएसओ के लिए तेल निकालता शुरू किया जो परियोजना के चरण-2 के पूरा होने के करीब है। तेल और गैस उत्पादन के लिए चरण-3 पहले से ही चल रहा है और जून 2024 में इसके समाप्त होने की संभावना है। 98/2 परियोजना से ओएनजीसी के कुल तेल और गैस उत्पादन में क्रमशः 11 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।

## खेल/प्राणायाम/अरोग्य

# सीरीज जीत के इरादे से मैदान में उतरेगा भारत, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 'फाइनल'




**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 9 जनवरी(आज) टी20 इंटरनेशनल सीरीज का तीसरा मैच खेला जाना है. मुकाबला शाम 7 बजे से मुंबई के डीवाई पाटिल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाना है. पहला मैच भारत ने अपने नाम किया था. वहीं, दूसरे मैच में वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने बाजी मारी थी. ऐसे में हरमनप्रीत की टीम चाहेगी कि आखिरी मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करे. साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्वदेश में पहली बार टी20 इंटरनेशनल सीरीज जीतना भी चाहेगी.

**जीती है एकमात्र टी20 सीरीज**

हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2024 ञ20 वर्ल्ड कप के साल की शुरुआत इस फॉर्मेट में जीत के साथ करने का मौका है. भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच द्विपक्षीय ञ20 सीरीज खेली हैं, जिनमें सिर्फ एक ही जीत मिली है जबकि जबकि चार में उसे हार का सामना करना पड़ा है. भारत ने एकमात्र सीरीज 2015-16 में ऑस्ट्रेलिया में जीती थी.

**कप्तान का नहीं चल रहा बल्ला**

भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है. भारतीय कप्तान सभी फॉर्मेट में पिछले 10 मैच में अर्धशतक जड़ने के नाकाम रही हैं. वह पिछली 11 पारियों में सात बार दोहरे अंक तक भी पहुंचने में सफल नहीं रहीं. दूसरे मैच में ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन भारत को जीत दिलाने में कामयाब नहीं हो सकीं. उन्होंने 27 गेंद में 31 रन बनाकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया और फिर ऑस्ट्रेलिया की पारी के शुरुआती दो विकेट भी चटकाए, लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं थे.

**किम गार्थ ने पिच पर दिया ये बयान** ऑस्ट्रेलिया की किम गार्थ ने कहा, 'यह बल्ले और गेंद के बीच वास्तव में अच्छा मुकाबला रहा है, इसमें बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए कुछ ना कुछ है.' दीप्ति को भी दूसरे मैच की पिच बल्लेबाजी के लिए चुनौतीपूर्ण लगी. उन्होंने कहा, 'यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था. गेंद टर्न के साथ-साथ धीमी रह रही थी. मुझे लगता है कि हमने लगभग 15 रन कम बनाए.'

**दोनों टीमों का स्क्वॉड भारत-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया, ऋचा घोष, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, साइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा और मीनू मणि.

**ऑस्ट्रेलिया-** डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली (कप्तान), जेस योनासेन, एलेना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिस पैरी, मेगन शुट, एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वेयरहैम.

# जिंदगी बीत जाती है लोग पुरस्कार जीत नहीं पाते, अर्जुन अवार्ड को लेकर बोले मोहम्मद शमी

भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अर्जुन अवार्ड पर बयान दिया है। उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा, यह पुरस्कार एक सपना है। जिंदगी बीत जाती है और लोग यह पुरस्कार जीत नहीं पाते। शमी ने कहा कि मुझे खुशी है कि इस पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। राष्ट्रपति करेंगी अर्जुन अवार्ड से सम्मानित -दाएं हाथ के गेंदबाज मोहम्मद शमी को 9 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अर्जुन अवार्ड से सम्मानित करेंगी। पिछले दिनों खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 की घोषणा की थी। शमी के अलावा 26 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।




**अर्जुन पुरस्कार 2023-** ओजस प्रवीण देवताले, अदिति गोपीचंद स्वामी, श्रीशंकर, पारुल चौधरी, मोहम्मद हुसामुद्दीन, आर वैशाली, अनुश अग्रवाल, दिव्यकृति सिंह, दीक्षा डागर, कृष्ण बहादुर पाठक, सुशीला चानु, पवन कुमार, रितु नेगी, नसरीन, पिंकी, ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर, ईशा सिंह, हरिंदर पाल सिंह, अयहिका मुखर्जी, सुनील कुमार, अंतिम, रोशीबिना देवी, शीतल देवी, अजय कुमार और प्राची यादव को अर्जुन पुरस्कार से राष्ट्रपति सम्मानित करेंगी।

## मकर संक्रांति के दिन बच्चों के लिए ऐसे तैयार करें तिल से बने कप केक

मान्यताओं की मानें तो इस दिन किसी पवित्र नदी में स्नान के बाद दान करना शुभ माना जाता है। मकर संक्रांति के दिन ही खरमास का समापन होता है और एक मास से जिन शुभ कार्यों पर रोक लगी होती है वो फिर से शुरू हो जाते हैं। इस दिन तिल और गुड़ से बनी चीजें खाने की परंपरा है। इसी के चलते लोग गजक के साथ तमाम तरह के पकवान तैयार करते हैं। वैसे तो हर कोई गजक खाना पसंद करता है, लेकिन आजकल के बच्चों को ये पसंद नहीं आती। ऐसे में आप अपने बच्चे के लिए तिल की मदद से कप केक तैयार करवा सकती हैं। केक बनाने के लिए सबसे पहले 180 डिग्री पर माइक्रोवेव को प्रीहीट कर लें। इसके बाद एक कटोरे में सभी सूखी चीजों को सही से मिला लें। अब इसमें ऑलिव ऑयल मिक्स करें और साथ में ही 2 बड़े चम्मच तिल और छाछ को सही से मिलाकर एक बैटर तैयार करें।जब बैटर तैयार हो जाए तो इसे अच्छी तरह से फेंट लें, ताकि बैटर में किसी तरह की गांठ ना पड़ने पाए। जब केक मिक्सचर तैयार हो जाए तो इसे कुछ देर के लिए साइड में रख दें। तब तक कप केक के मोल्ड पर हल्का सा तेल या बटर लगाकर उसे चिकना कर दें।

# संक्रामक रोगों से बचाने में विटामिन-सी के अलावा ये पोषक तत्व भी जरूरी, आपके आहार में हैं ये चीजें?

संक्रामक रोगों से शरीर को सुरक्षित रखने के लिए इम्युनिटी सिस्टम का मजबूत रहना बहुत आवश्यक माना जाता है और इम्युनिटी को ठीक रखने के लिए सतत प्रयास की जरूरत होती है। आहार और लाइफस्टाइल पर ध्यान देकर शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती दी जा सकती है। कई प्रकार की विटामिन्स जैसे विटामिन सी-डी को संक्रामक रोगों से बचाने और प्रतिरोधक क्षमता को उत्तेजित करने में महत्वपूर्ण पाया गया है। कोरोना महामारी के दौरान लोगों ने इसे अपने आहार का हिस्सा भी बनाया। पर क्या आप जानते हैं कि इम्युनिटी सिस्टम को मजबूत रखने के लिए विटामिन सी-डी ही काफी नहीं है। अध्ययनों में पाया गया है कि इसके लिए आपको आहार में विटामिन बी-6 और विटामिन- ई वाली चीजों को भी जरूर शामिल करना चाहिए।पशु और मानव दोनों पर किए गए अध्ययन से पता चलता है कि विटामिन बी-6, शरीर की इम्यून सिस्टम को मजबूत रखने के लिए बहुत आवश्यक हो जाता है। विटामिन बी-6 की कमी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को कमजोर कर देती है। विटामिन बी-6 (पाइरिडोक्सिन) मस्तिष्क के सामान्य विकास, तंत्रिका तंत्र और प्रतिरक्षा प्रणाली को स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण है। विटामिन बी-6 के खाद्य स्रोतों में पोल्ट्री, मछली, आलू, छोले, केले और फोर्टिफाइड अनाज शामिल हैं। इसलिए जरूरी है कि आहार में विटामिन सी-डी के साथ विटामिन बी-6 वाली चीजों को भी जरूर शामिल करें।विटामिन-ई मानव शरीर के लिए एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को संक्रमण से लड़ने में मदद करता है, रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करता है। इससे उनमें थक्के बनने से रोकने में मदद मिलती है। आमतौर पर विटामिन-ई को त्वचा और बालों की सेहत से जोड़कर देखा जाता रहा है। शोध में पाया गया है कि इसकी कमी से इम्युनिटी सिस्टम की भी समस्याओं का खतरा हो सकता है।नैदानिक परीक्षणों में पाया गया है कि एंटीऑक्सीडेंट वाली चीजों का सेवन या फिर डॉक्टर्स की सलाह पर एंटीऑक्सीडेंट सप्लीमेंट्स की मदद से प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं में काफी सुधार किया जा सकता है। विशेष रूप से विटामिन सी, ई, और ए या बीटा-कैरोटीन के पूरकों को आहार में शामिल करने से आपको इम्युनिटी को मजबूत बनाने में विशेष लाभ मिल सकता है। शरीर में ट्यूमर के विकास को रोकने, कैंसर और कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों से बचाने में भी एंटीऑक्सीडेंट वाली चीजों का सेवन लाभकारी हो सकता है।

# पन्ना विधायक का अजयगढ मे ऐतिहासिक स्वागत, स्वागत मे उमड़ा जनसेलाब!



*पन्ना, अजयगढ़,* जनप्रतिनिधि के लिए जनता का प्रेम पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के लिए अजयगढ़ मे देखने को मिला !अजयगढ के प्रथम नगर आगमन पर ब्रेजेंद्र प्रताप सिंह के कार्यक्रम में ऐतिहासिक जन सैलाब अजयगढ़ में उमड़ा, अजयगढ़ में जगह-जगह ब्रेजेंद्र प्रताप सिंह का फूल मालाओं एवं आतिशबाजी से स्वागत हुआ, नगर में जगह-जगह विधायक का तुलादान किया गया, पूरे नगर में फूलों की बारिस करते नन्हे मुन्ने बच्चों में भी पन्ना विधायक के प्रति स्नेह प्रेम देखने को मिला! वहीं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमने अपने विधानसभा क्षेत्र में जो विकास के कार्य किए हैं, इसीलिए जनता के प्रति हमारा लगाव और प्रेम है! और हम आगे भी विकास के कार्य करते रहेंगे, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में भी जनता के आशीर्वाद से खजुराहो लोकसभा सीट जीतेगी इस स्वागत में मुख्य रूप से विधानसभा के संयोजक उमेश निगम जी, पूर्व जिला अध्यक्ष सदानंद गौतम जी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन यादव जी, पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं वर्तमान सरपंच सुरेश यादव, जिला पंचायत सदस्य संतोष यादव, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता, राजकुमार यादव, कमलेश पांडे, कुलदीप मिश्रा, सरपंच अवध यादव, सरपंच हेतराम यादव, सरपंच संघ के अध्यक्ष योगेश धुरिया, शीलू श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष बबलू कुशवाहा, महामंत्री राजेंद्र खटीक, आदि भाजपा के कार्यकर्ता रहे उपस्थित.

## रतलाम में जिलाबदर के विरोध में आदिवासी समाज ने घेरा कलेक्टर कार्यालय

रतलाम। आदिवासी समाज के दो युवा नेताओं को जिला दंडाधिकारी न्यायालय (कलेक्टर) द्वारा जिलाबदर करने से समाज के लोगों में रोष है। समाजजन सोमवार दोपहर बड़ी संख्या में रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और घेराव कर मुख्य गेट के सामने बैठ गए। इसके बाद वही पर ग्राम सभा आयोजित की गई। इसमें जिलाबदर के आदेश को खारिज करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद कलेक्टर भास्कर लाक्षाकार को बुलाकर प्रस्ताव सौंपकर सात दिन में जिलाबदर का आदेश समाप्त करने की मांग की गई।उल्लेखनयी है कि युवा नेता विलेष खराड़ी और वीपी हारी को विधानसभा चुनाव के पहले जिलाबदर किया गया था। इसे लेकर सोमवार को जयस व समाज से अन्य नेताओं की उपस्थित में आंदोलन किया गया। पहले आंबेडकर मांगलिक भवन परिसर में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए।

# माँ शारदा देवी के पावन नगरी मैहर मे किया गया कम्बल वितरण का कार्य



मैहर, श्री राम जानकी समर्पण सेवा समिति मैहर, के द्वारा शीत ऋतु में जरूरतमंद लोगों और बड़े बुजुर्गो को ठण्ड से बचाव के लिए कम्बल वितरण का कार्य किया गया, जिसमे पुनीत जनसेवा कार्य मे समिति के सभी सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ अपनी रुचि रखी, जिसमे समिति के अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र सिसोदिया, सचिव श्री राजीव पाण्डेय, श्री मुकेश साहू, श्री शुभम अग्रवाल, श्री मुनेन्द्र, श्री कृष्ण कुमार पाण्डेय श्री मनीष निगम एवं अन्य सदस्य सम्मिलित हुए.

# अक्षत कलश यात्रा को लेकर ग्राम सूरजपुरा धाम में बैंड बाजों और रामधुन के साथ निकाली गई शोभा यात्रा



*पन्ना, ग्राम सूरजपुरा धाम में अयोध्या धाम से आए अक्षत कलश को लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और सभी धर्म प्रेमियों ने मिलकर बैंड बाजे और रामधुन के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली अक्षत कलश यात्रा ग्राम सुनवानी कलां के सिद्ध स्थल श्री शिवघाट धाम से शुरु कि गई जो कि यह यात्रा पूरे गांव मे निकाली गई और घर घर अयोध्या आने का आमंत्रण दिया गया अक्षत कलश शोभा यात्रा का घर घर फूल मालाओं और तिलक लगाकर स्वागत किया गया साथ साथअक्षत चावल और निमंत्रण कार्ड देकर सभी धर्म प्रेमियों से अयोध्या मे होने बाली प्रभु श्री राम जी कि प्राण प्रतिष्ठा मे शामिल होने का आग्रह किया इस शोभा यात्रा मे किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जागेश्वर शुक्ला, जनपद सदस्य नीरज दिवेदी, संतोष चौबे पत्रकार, राजेंद्र पिढ़हा, कमलेश दिवेदी, मनोज सोनी, मुकेश चंद्रपुरिया, रमाकांत चंद्रपुरियां, बाबा रामअतार पटैल, कुलदीप खरे, मनोज विश्वकर्मा, ब्रजगोपाल पटेल, धर्मेंद्र पटैल, धीरेंद्र पटैल, रामस्वरूप पटैल, भरत पटैल, सुरेश पटैल, नवल पटेल, दीपेंद्र राय, धीरेन्द्र दिवेदी सहित सैंकड़ों कि संख्या मे भक्त सामिल हुए.*

# प्रदूषण की रोकथाम के लिए निगम कराएगा डस्ट फ्री रोड, बाकी के निर्देश हवा में....



**ग्वालियर।** शहर में बढ़ते प्रदूषण के कारण खराब हो रही हवा को शुद्ध करने के लिए नगर निगम रोड डस्ट फ्री कराएगा। इसके लिए नगर निगम ने ठेका भी दे दिया है। लेकिन एनजीटी के अन्य निर्देशों पर निगम अफसरों ने ध्यान तक नहीं दिया है। उन सभी निर्देशों को हवा में उड़ा दिया। यदि रोड डस्ट फ्री हो भी जाते हैं इसके बाद भी शहर से प्रदूषण कम होने वाला नहीं है। क्योंकि जबतक सड़क किनारे की जमीन पर पेव्ड नहीं लगेंगे तबतक धूल समाप्त नहीं हो सकती। इसी तरह से जगह जगह जलता कचरा, धुआं छोड़ते वाहन,ईंट भट्टे और औद्योगिक क्षेत्रों में लगी चिमनियों से निकलता धुआं बंद नहीं होता तबतक शहर की हवा खराब ही रहने वाली है।इसलिए निगम अफसरों को इन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।एनजीटी ने शहर में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए कुछ निर्देश जारी किए थे। जिसको लेकर संभागायुक्त ने नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, प्रशासन और यातायात पुलिस की एक बैठक ली थी। इस बैठक को हुए दो महीने का वक्त गुजर चला है, लेकिन जो निर्देश जारी किए गए थे उन पर अबतक अमल नहीं हो सका है। एनजीटी ने निर्देश देते हुए कहा थ कि शहर में रोड डस्ट फ्री हों ,अपेव्ड रोड होंगी पेव्ड, वाहन इमीशन,लेफ्ट टर्न पर 50 मीटर पहले मार्किंग , ईंट भटटे शहर से दूर , गार्बेज बर्निंग पर रोक, औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण ,जनजागृति कार्यक्रम और अभियान चलाए जाएं।

ग्वालियर शहर का एक्यूआई प्रदेश के अन्य शहरों की मुकाबले कम है, एक्यूआई को और सुधारने के लिए हमने डस्ट फ्री रोड के लिए टेंडर कर दिए हैं। शहर में जगह जगह फव्वारे लगाए जा रहे हैं, आने वाले कुछ दिनों में इनका प्रभाव नजर आएगा और एक्यूआई कम हो जाएगा।



# कड़ाके की ठंड में मावठे की बारिश का तड़का, रात से बरस रहा है पानी

*ग्वालियर। अंचल में कड़ाके की ठंड में बारिश का तड़का लग गया है। सोमवार रात से अंचल भर में बारिश हो ही है। कभी तेज तो कभी धीमी बारिश हो रही है। सुबह भी धीमी धीमी बारिश हो रही थी। हालांकि बारिश के दौरान तो ठंड कम थी। लेकिन बारिश बंद होने के बाद जब आसमान साफ होगा तो अंचल में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। हालांकि सोमवार को धरती पर खिली धूप ने कड़ाके की ठंड से राहत देने का काम किया। लगातार दूसरे दिन धूप खिलने से लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। लोगों ने दिन में धूप सेंकी, लेकिन धूप से मिली राहत ज्यादा समय तक नहीं मिलेगी, क्योंकि जल्द ही वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम वैज्ञानिक एसएन साहू का कहना है कि सोमवार को पश्चिमी विक्षोभ ने दस्तक दे दी है। इस कारण मंगलवार की सुबह मध्यम-घना कोहरा रहेगा। इसके साथ ही आसमान में बादल अपना डेरा जमा लेंगे। इससे दिन में गरज-चमक के साथ वर्षा हो सकती है। इससे ठंड बढ़ेगी और दिन के तापमान में कमी आएगी। सोमवार को धूप के कारण दिन के तापमान में 0.4 डिग्री की वृद्धि हुई, जबकि न्यूनतम तापमान में 1.6 डिसे की कमी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 20.2 डिग्री रहा और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री दर्ज किया गया। हवा में सुबह के समय नमी 92 फीसद दर्ज की गई, जबकि दोपहर में 78 फीसद रही। बुधवार को मौसम साफ रहेगा मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि मंगलवार को वर्षा हो सकती है, लेकिन बुधवार को मौसम साफ रहने की उम्मीद है। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ का असर अगले दो दिन ग्वालियर चंबल अंचल में रहने वाला है। इस कारण बादल रहने के साथ ही रुक रुककर वर्षा हो सकती है तो कुछ स्थानों पर केवल बूंदाबांदी होने के आसार है। इससे वातावरण में ठंड बढ़ सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर 12 जनवरी को समाप्त हो जाएगा, लेकिन इसके बाद तेजी से चलने वाली उत्तरी हवाएं वातावरण में ठंडक पैदा करेंगी। इससे कोहरा बनेगा और दिन में धूप नहीं खिलेगी। इससे ठंड बढ़ेगी तथा दिन का तापमान कम होगा। जिससे एक बार फिर शीतल दिन का संकट खड़ा हो सकता है। 12 से 15 जनवरी के बीच ऐसे आसार बन रहे हैं।*

स्मृति ईरानी ने किया मदीना का दौरा

# भारतीय स्वयंसेवकों और उमराह पर गए यात्रियों से की मुलाकात

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन के साथ सोमवार को भारतीय हज यात्रियों की सहायता करने वाले भारतीय स्वयंसेवकों से मुलाकात की और भारत के उमराह पर जाने वाले यात्रियों के साथ भी बातचीत की। ईरानी ने सोमवार को इस्लाम के सबसे पवित्र शहरों में से एक मदीना की भी यात्रा की। ईरानी ने सोशल मीडिया पर कहा, सऊदी अधिकारियों के सहयोग से आज मदीना में पैगंबर की अल मस्जिद अल नबवी, उहुद पर्वत और इस्लाम की पहली क्यूबा मस्जिद के बाहरी क्षेत्र की यात्रा की। ये




सभी स्थान इस्लामी इतिहास के प्रारंभिक चरण से जुड़े हुए हैं, जो हमारे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जुड़ाव की गहराई को रेखांकित करते हैं। भारत के उमराह पर जाने वाले तीर्थयात्रियों से की बातचीत

इस दौरान ईरानी और उनके प्रतिनिधिमंडल ने पिछले साल हज यात्रा में भारतीयों की निस्वार्थ सेवा करने वाले भारतीय स्वयंसेवकों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारत के उमराह पर जाने वाले तीर्थयात्रियों से भी बातचीत की। ईरानी ने कहा, उनकी सऊदी यात्रा अगले साल भारत से हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए मददगार साबित होगी। इससे उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान करने में मदद मिलेगी। भारत सरकार हज यात्रा पर जाने वाले भारतीय मुसलमानों को सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने दिया इस्तीफा



पेरिस: फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। बोर्न ने कुछ विदेशियों को वापस स्वदेश भेजने के सिलसिले में सरकार की शक्तियां बढ़ाने संबंधी विवादास्पद आव्रजन कानून और अन्य कदमों पर हालिया राजनीतिक तनाव के बाद इस्तीफा दिया है। इस कानून को राष्ट्रपति मैक्रों का समर्थन हासिल है। मैक्रों के दूसरी बार राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद मई 2022 में बोर्न को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। वह देश की दूसरी महिला प्रधानमंत्री थीं। एलिजाबेथ बोर्न के इस्तीफे पर क्या बोले राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों? राष्ट्रपति मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एलिजाबेथ बोर्न के साथ वाली एक तस्वीर साझा की है और उन्हें धन्यवाद कहा है। इमैनुएल मैक्रों ने लिखा, मैडम प्राइम मिनिस्टर, प्रिय एलिजाबेथ बोर्न, हमारे राष्ट्र की सेवा में आपका कार्य हर दिन अनुकरणीय रहा है। आपने साहस, प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प से हमारे प्रोजेक्ट को क्रियान्वित किया।

## मोदी ने प्रधानमंत्री शेख हसीना से की फोन पर बात, संसदीय चुनाव में जीत की दी बधाई

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से बात की और उन्हें संसदीय चुनावों में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। मोदी ने मल्टी-ब्लॉगिंग साइट एक्स पर एक पोस्ट में कहा, %प्रधानमंत्री शेख हसीना से बात की और उन्हें संसदीय चुनावों में लगातार चौथी बार ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने बंगलादेश के लोगों को सफल चुनाव के लिए बधाई भी दी। उन्होंने कहा,''हम बंगलादेश के साथ अपनी स्थायी और जन-केंद्रित साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' खरगे ने भी दी बधाई वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बांग्लादेश के आम चुनाव में सत्तारूढ़ अवामी लीग की जीत पर सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना को बधाई दी और उम्मीद जताई कि दोनों



देशों के लोगों के बीच के रिश्ते और मजबूत होंगे। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से मैं अवामी लीग और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को हाल ही में संपन्न आम चुनाव में मिली शानदार जीत के लिये बधाई देता हूं। उन्होंने कहा, ''भारत और बांग्लादेश सभ्यता, सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक रूप से जुड़े हुए हैं। हमारे संबंध 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम से जुड़े हैं। बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान और हमारी नेता रहीं इंदिरा गांधी ने हमारे उन गहरे द्विपक्षीय संबंधों की नींव रखी, जो संप्रभुता, समानता, विश्वास और उस सहमति के द्योतक हैं, जो रणनीतिक साझेदारी से कहीं आगे है।

मालदीव की यात्रा करने वालों में भारतीय रहे अव्वल

# हर साल दो लाख से अधिक भारतीय जा रहे घूमने

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के बाद मालदीव के मंत्रियों के अपमानजनक बयान को लेकर भारत और मालदीव में राजनयिक विवाद के बीच आंकड़ों से पता चला है कि इस द्वीपीय देश में आने वाले पर्यटकों में सर्वाधिक संख्या भारतीयों की रही है और कोविड-19 महामारी के बाद से हर साल दो लाख से अधिक भारतीय मालदीव जा रहे हैं। 2023 में 2.03 लाख से अधिक भारतीयों ने मालदीव की यात्रा की मालदीव के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में 2.03 लाख से अधिक भारतीयों ने इस द्वीपीय देश की यात्रा की। साल 2022 में यह संख्या 2.4 लाख से अधिक थी और 2021 में 2.11 लाख से अधिक भारतीयों ने मालदीव की यात्रा की। मालदीव उन कुछ देशों में शामिल है जो महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए खुले रहे और उस दौरान करीब 63,000 भारतीयों ने मालदीव को पर्यटन के लिए चुना था। सोशल मीडिया पर हैशटैग ''बॉयकॉट मालदीव्स भी ट्रेंड कर रहा था मालदीव में 2018 में, 90,474 आगंतुकों के साथ



भारतीयों की संख्या पांचवें स्थान पर रही। 2019 में, भारत इस मामले में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुनी संख्या (1,66,030) के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया। हालांकि, मालदीव की सरकार के तीन मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के बाद भारतीयों के लिए यह पसंदीदा गंतव्य देश अब आलोचना का सामना कर रहा है। सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट देखे गए जिनमें दावा किया गया कि विवाद को देखते हुए कुछ भारतीय मालदीव की अपनी निर्धारित यात्राएं रद्द कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर हैशटैग ''बॉयकॉट मालदीव्स भी ट्रेंड कर रहा था। मालदीव की सरकार ने तीन उप मंत्रियों को कर दिया निलंबित भारत-मालदीव में राजनयिक विवाद के बीच 'ईजमाईट्रिप ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ 'एकजुटता प्रकट करने के लिए उसकी वेबसाइट ने द्वीपीय राष्ट्र के लिए सभी उड़ान बुकिंग पर रोक लगा दी है। मालदीव के तीन उप मंत्रियों - मालशा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्ला महज़ूम माजिद ने प्रधानमंत्री मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के बाद 'एक्स पर उनकी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि नई दिल्ली इस केंद्रशासित प्रदेश को मालदीव के वैकल्पिक पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने का प्रयास कर रही है। इसके बाद मालदीव की सरकार ने तीनों को निलंबित कर दिया। विवाद के बीच, अमिताभ बच्चन, सलमान खान, अक्षय कुमार और सचिन तेंदुलकर जैसी हस्तियों ने रविवार को लोगों से अपील की कि भारतीय द्वीपों और तटीय गंतव्यों पर छुट्टी बिताएं।

## तेजी से विकसित होते 18 शहरों में प्रदूषण से मौतें बढ़ीं, एक लाख से ऊपर पहुंचा आंकड़ा

तेजी से विकसित होते शहरों में प्रदूषण से मौतें बढ़ी हैं। दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशियाई शहरों में यह आंकड़ा 150,000 तक पहुंच गया है। एशिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में 18 शहर ऐसे हैं, जहां खतरा अधिक देखने को मिल रहा है। इन शहरों में लाखों लोग वायु प्रदूषण के कारण समय से पहले मृत्यु के जोखिम का सामना कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन के शोधकर्ताओं के मुताबिक, खतरा साल 2100 तक और भी बढ़ सकता है। लाखों की संख्या के बजाय करोड़ों लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं। वायु प्रदूषण के अपर्याप्त नियंत्रण और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और अमोनिया जैसे प्रदूषकों की निगरानी के लिए चुनौतियां बढ़ जाती हैं। इसके चलते हानिकारक सूक्ष्म कण (पीएम 2.5) भी बनाते हैं। इन सभी में से सबसे खतरनाक प्रदूषक पीएम 2.5 है, जो सीधे फेफड़ों की गहराई तक प्रवेश करके मानव शरीर में लगभग हर अंग को प्रभावित करता है। पीएम 2.5 के लंबे समय तक संपर्क में रहने से 2005 में दक्षिण एशियाई शहरों में 149,000 और दक्षिण पूर्व एशियाई शहरों में 53,000 शुरुआती मौतें हुईं। ढाका, मुंबई व बंगलूरू में पीएम 2.5 से ज्यादा मौतें यह आंकड़ा 2018 में दक्षिण एशियाई शहरों में 126,000 से बढ़कर 275,000 और दक्षिण पूर्व



एशियाई शहरों में 26,000 से 80,000 हो गया। बांग्लादेश में ढाका और भारत में मुंबई और बंगलूरू में पीएम 2.5 के लंबे समय तक संपर्क में रहने से होने वाली शुरुआती मौतों में सबसे अधिक वृद्धि हुई थी। अहमदाबाद, बंगलूरू और चेन्नई जैसे शहरों में बढ़ता प्रदूषण का स्तर नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा 2005 और 2018 के बीच एकत्र किए गए उपग्रह अवलोकन 18 शहरों में अधिकांश वायु प्रदूषकों के बढ़ते स्तर को दर्शाते हैं। इस अध्ययन में दक्षिण एशिया के अहमदाबाद, बंगलूरू, चेन्नई, चटगांव, ढाका, हैदराबाद, कराची, कोलकाता, मुंबई, पुणे और सूरत तथा दक्षिण पूर्व एशिया के बैंकांक, हनोई, हो ची मिन्ह सिटी, जकार्ता, मनीला, नोम पेन्ह और यंगून का विश्लेषण किया गया।

## लक्षद्वीप में नहीं होगी पीने के पानी की कमी, इजरायल इस तकनीक से खारे पानी को बनाएगा मीठा

नई दिल्ली: लक्षद्वीप को लेकर छिड़े विवाद के बीच इजरायल ने सोमवार को कहा कि वह अरब सागर में स्थित भारत के इस द्वीपीय केन्द्र शासित प्रदेश में खारे पानी को मीठा बनाने के लिए परियोजना का मंगलवार से काम शुरू करने के लिए तैयार है। इजरायल के राजदूतावास ने यहां एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि केंद्र सरकार के अनुरोध पर इजरायल के अधिकारी और वैज्ञानिक अलवणीकरण कार्यक्रम शुरू करने के बारे में अध्ययन के लिए पिछले साल लक्षद्वीप में थे। इजरायली राजदूतावास ने कहा, %इजरायल आज से



इस परियोजना पर काम शुरू करने के लिए तैयार है।% इजरायली राजदूतावास ने पोस्ट में लक्षद्वीप की कुछ आकर्षक तस्वीरें भी साझा कीं और कहा, %उन लोगों के लिए जो अभी तक लक्षद्वीप के समुद्र तट पर पानी के भीतर की बहुत पुरानी और शानदार खूबसूरती को नहीं देख पाए हैं, ये उनके लिए इस द्वीप के मनमोहक आकर्षण को दिखाने वाली कुछ तस्वीरें हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप की यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर आयीं तस्वीरें वायरल होने पर मालदीव के सत्तारूढ़ राजनेताओं एवं मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी पर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और उनके इजरायल के संबंधों को लेकर भी कटु कटाक्ष किया था।

## तिरुपति के बाद हनुमानगढ़ी के प्रसिद्ध लड्डू को मिलेग जी आई टैग, स्वीकार हुआ



नेशनल डेस्क: तिरुपति के लड्डू प्रसाद की तरह अयोध्या के हनुमानगढ़ी के लड्डू को भी जल्द ही जीआई टैग मिलने की संभावना है। इसके लिए चेन्नई स्थित जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) कार्यालय में प्रस्ताव भेजा है, जहां इसे सोमवार देर शाम स्वीकार कर लिया गया है। पद्मश्री से सम्मानित और जीआई मैन के रूप में विख्यात डॉ रजनीकान्त ने कहा '' यह हमारे लिए बहुत गौरवशाली दिन है। सिडबी-लखनऊ, उत्तर प्रदेश के वित्तीय सहयोग से अयोध्या हनुमानगढ़ी लड्डू के जीआई टैग के लिए आवेदन किया गया है, जिसे सोमवार को स्वीकार कर लिया गया है।%% उन्होंने बताया कि अयोध्या हनुमानगढ़ी के लड्डू के जीआई पंजीकरण कराने का अवसर इस ऐतिहासिक माह में प्राप्त हुआ है, जब प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के उद्घाटन की घड़ी नजदीक आ रही है। उन्होंने कहा प्रक्रिया में कुछ माह लग सकते हैं, जिसके बाद हनुमानगढ़ी के लड्डू को जीआई टैग मिल जाएगा

## अमेरिका का आरोप- स्वतंत्र-निष्पक्ष नहीं थे बांग्लादेश के चुनाव

बांग्लादेश में एक बार फिर शेख हसीना प्रधानमंत्री बनने जा रहीं हैं। रविवार को हुए आम चुनाव में उनकी पार्टी आवामी लीग ने 300 में से दो-तिहाई सीटें जीत ली हैं। बीएनपी के बहिष्कार करने के बीच हुए चुनाव को अमेरिका ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष नहीं बताया। जबकि भारत ने बांग्लादेश में शांतिपूर्ण आम चुनाव की सराहना की भारत निर्वाचन आयोग के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को बांग्लादेश के शीर्ष चुनाव निकाय की सावधानीपूर्वक योजना बनाने और हाल ही में संपन्न चुनावों के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सराहना की। वहीं, अमेरिका ने हजारों राजनीतिक विपक्षी सदस्यों की गिरफ्तारी पर चिंता जताते हुए इस बात पर जोर दिया कि ये चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष नहीं थे। अमेरिका ने इस बात पर खेद जताया कि सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव में हिस्सा नहीं लिया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने एकतरफा चुनाव में लगातार चौथा कार्यकाल हासिल कर लिया है। उनकी अवामी लीग पार्टी ने अपने विरोधियों द्वारा बहिष्कार किए गए चुनाव में संसद की आधी से अधिक सीटों पर जीत हासिल की है। उनका अब तक का यह पांचवां कार्यकाल होगा। वह पांचवीं बार प्रधानमंत्री बनेगी। ये चुनाव स्वतंत्र या निष्पक्ष नहीं अमेरिकी विदेश मंत्रालय का कहना है, अमेरिका अन्य पर्यवेक्षकों के साथ इस विचार को साझा करता है कि ये चुनाव स्वतंत्र या निष्पक्ष नहीं थे। साथ ही हमें खेद है कि सभी दलों ने भाग नहीं लिया। अमेरिका का मानना है कि अवामी लीग पार्टी ने सात जनवरी को हुए संसदीय चुनावों में अधिकतर सीटें जीती हैं। इसके अलावा, अमेरिका ने कहा कि वह हजारों राजनीतिक विपक्षी सदस्यों की गिरफ्तारी से चिंतित है। इसके अलावा चुनाव के दिन अनियमितताओं की खबरों से भी परेशान है। उसने चुनावों के दौरान और उससे पहले के महीनों में होने वाली हिंसा की निंदा भी की। साथ ही बांग्लादेश सरकार को हिंसा की रिपोर्टों की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय



ने कहा, %अमेरिका स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के लिए एक साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए बांग्लादेश के साथ साझेदारी करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण आम चुनाव की सराहना की भारत निर्वाचन आयोग के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को बांग्लादेश के शीर्ष चुनाव निकाय की सावधानीपूर्वक योजना बनाने और हाल ही में संपन्न चुनावों के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सराहना की। बयान में कहा गया है, हम बांग्लादेश के चुनाव आयोग के प्रयासों, चुनाव प्रक्रिया के संचालन और इसे सुविधाजनक बनाने के लिए इसकी योजनाओं और व्यवस्थाओं की सराहना करते हैं। वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा के नेतृत्व में महानिदेशक बी नारायणन और प्रधान सचिव मोहम्मद उमर ने 12वें संसदीय चुनावों के लिए पर्यवेक्षकों के रूप में बांग्लादेश का दौरा किया। इन लोगों ने पर्यवेक्षक के तौर पर भारत के चुनाव आयोग को आमंत्रित करने के लिए बांग्लादेश चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया। तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कई मतदान केंद्रों का दौरा किया और मतदान प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। उन्होंने कहा, हमने बांग्लादेश के नागरिकों को मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से अपने चुनावी अधिकारों का इस्तेमाल करते देखा। उन्होंने आगे कहा कि भारत बांग्लादेश के चुनाव आयोग के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध साझा करता है। हम अपना सहयोग जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569